( पौष माह ) वर्ष-10, अंक 193, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
प्रयागराज शुक्रवार 11 अक्टूबर, 2024
TM
नगर संस्करण
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
Adhunik Samachar
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

## टाटा के निधन पर राष्ट्रपति, पीएम मोदी ने संवेदनाएं प्रकट कीं; महिंद्रा, अंबानी-अदाणी ने भी जताया दुख

दिग्गज उद्योगपति और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान- पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा नहीं रहे। रतन टाटा के निधन पर देशभर में शोक की लहर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उद्योगपति आनंद महिंद्रा, मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी समेत देश की तमाम हस्तियों ने शोक जताया है।उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर देशभर में शोक की लहर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश की तमाम औद्योगिक हस्तियों ने भी शोक जताया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा के दुखद निधन से भारत ने एक ऐसे प्रतीक को खो दिया है, जिसने राष्ट्र निर्माण के साथ कॉर्पोरेट विकास और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। उन्होंने महान टाटा विरासत को आगे बढ़ाया और इसे और अधिक प्रभावशाली वैश्विक उपस्थिति प्रदान की। उन्होंने अनुभवी पेशेवरों और युवा छात्रों को समान रूप से प्रेरित किया। परोपकार में उनका योगदान अमूल्य है। मैं उनके परिवार, टाटा समूह की पूरी टीम और दुनिया भर में उनके प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि रतन टाटा दूरदर्शी कारोबारी नेता, एक दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। साथ ही, उनका योगदान बोर्डरूम से कहीं आगे तक गया। बकौल पीएम मोदी, रतन टाटा के सबसे अनूठे पहलुओं में से एक बड़े सपने देखना और उन्हें वापस देने का जुनून था। वह शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, पशु कल्याण जैसे कुछ मुद्दों का समर्थन करने में सबसे आगे थे। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मेरा मन रतन टाटा के साथ अनगिनत संवादों से भरा हुआ है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था तो मैं उनसे अक्सर मिलता था। हम विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करते थे। मुझे उनका दृष्टिकोण बहुत समृद्ध लगा। जब मैं दिल्ली आया तो ये बातचीत जारी रही। उनके निधन से बेहद दुख हुआ। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के साथ हैं। अपने राजनीतिक जीवन के विभिन्न



दौरों में टाटा के साथ ली गई अपनी तस्वीरें पोस्ट कर पीएम मोदी ने कहा, मेरा मन रतन टाटा जी के साथ अनगिनत मुलाकातों से भरा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टाटा ने अपनी विनम्रता, दयालुता और हमारे समाज को बेहतर बनाने की अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई लोगों को अपना मुरीद बना लिया मुकेश अंबानी ने अपने शोक संदेश में टाटा के निधन को पूरे देश के साथ-साथ भारतीय उद्योग जगत के लिए बहुत दुखद दिन करार दिया। उन्होंने कहा, रतन टाटा का निधन न केवल टाटा समूह के लिए, बल्कि प्रत्येक भारतीय के लिए बड़ी क्षति है। अंबानी ने टाटा के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा, 'रतन टाटा के निधन से मुझे बहुत दुःख हुआ है। मैंने एक प्रिय मित्र खो दिया। टाटा एक दूरदर्शी उद्योगपति और परोपकारी शख्सियत थे, जिन्होंने हमेशा समाज की भलाई के लिए प्रयास किए। उन्होंने भारत को दुनिया भर में पहुंचाया और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ चीजों को भारत लेकर आए।' अंबानी ने कहा कि रतन, हमेशा उनके दिल में रहेंगे। रतन टाटा के निधन पर नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शोक व्यक्त किया है। राहुल गांधी ने कहा कि रतन टाटा दूरदृष्टि वाले व्यक्ति थे। उन्होंने व्यापार और परोपकार दोनों पर अमिट छाप छोड़ी है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और टाटा समूह के साथ हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया। खरगे ने कहा कि उनके निधन से हमने भारत का एक अनमोल सपूत खो दिया है। उन्होंने कहा, रतन टाटा एक उत्कृष्ट परोपकारी व्यक्ति, निष्ठा और नैतिकतापूर्ण नेतृत्व के पर्याय थे। उनकी भारत के समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता सर्वोपरि रही। वह लाखों लोगों के लिए प्रेरणा और आदर्श थे। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मेरी संवेदनाएं उनके प्रियजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। उद्योग जगत के दिग्गज गौतम अदाणी ने भी रतन टाटा के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भारत ने एक महान दूरदृष्टि वाले व्यक्ति को खोद दिया है। टाटा ने आधुनिक भारत के पथ को पुनर्परिभाषित किया। वह सिर्फ एक बिजनेस लीडर नहीं थे, उन्होंने अखंडता, करुणा और व्यापक भलाई के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ भारत की भावना को मूर्त रूप दिया। ऐसी हस्तियां हमेशा जीवित रहती हैं। उद्योगपति हर्ष गोयनका ने भी रतन टाटा के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि टाटा ईमानदारी, नैतिक नेतृत्व और परोपकार की एक मिसाल थे। उन्होंने व्यापार और उससे परे की दुनिया पर एक अमिट छाप छोड़ी है। वह हमारी स्मृतियों में सदैव जिंदा रहेंगे। उद्योगपति और बायोकॉन लिमिटेड की कार्यकारी अध्यक्ष किरण मजूमदार शॉ ने भी रतन टाटा के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि टाटा सबसे बड़े बिजनेस आइकन थे। उन्होंने रतन टाटा के साथ अपने एक्स हैंडल पर एक तस्वीर साझा की और कहा कि मैं इसे हमेशा संजो कर रखूंगी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी रतन टाटा के निधन पर शोक प्रकट किया। बकौल शाह, टाटा ने निस्वार्थ भाव से अपना जीवन हमारे राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित कर दिया। जब भी मैं उनसे मिला, भारत और उसके लोगों की भलाई के प्रति उनके उत्साह और प्रतिबद्धता ने मुझे आश्चर्यचकित कर दिया। हमारे देश और लोगों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण लाखों सपने साकार हुए। वह हमारे दिलों में जीवित रहेंगे। मेरी संवेदनाएं टाटा समूह और उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
कौशलं बलम्
NAINI ALLAHABAD
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है

(वरिष्ठ आई.पी.एस.) श्री अविनाश चन्द्रा
महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity



# प्राथमिक विद्यालय छीड़ी में दिनांक10.10 .2024 को शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय छीड़ी में दिनांक10.10 .2024 को शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम प्रधान सतीश गुप्ता, एसएमसी अध्यक्ष राममिलन, अभिभावक मूलचंद, शिवकुमार ,नेहा, अर्चना, प्रियंका, आरती देवी, शिल्पा, पुष्पा, मनोज ,अशोक, लक्ष्मण, संगीता देवी, रन्नो देवी, रविता ,सीमा, देवी आदि अनेक अभिभावक गण तथा समस्त विद्यालय स्टाफ रीता विश्वकर्मा निहारिका मिश्रा सीता सिंह ममता पांडे आदि उपस्थित रहे । बैठक का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापिका संजू लता के द्वारा किया गया बैठक में सभी के समक्ष निर्धारित शासनादेश के एजेंट के अनुसार डीबीटी निपुण लक्ष्य, छात्र उपस्थित, संचारी रोग, स्वच्छता, शिक्षण कार्य ,तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहज चर्चा हुई एवं अपार आई डी के बारे में सभी को बताया गया ।



# निर्मला कॉवेन्ट स्कूल रेनुकूट मेधावी छात्रा को सांकेतिक रूप में एक दिन की क्षेत्राधिकारी नगर नियुक्त किया गया



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रेनुकूट/सोनभद्र।**शिकायतों के निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश पत्रकार शाहेनूर हसन की बेटी सदफ का हासिल हुआ एक दिन की सीओ बनने का मुकाम शासन के मंशा के अनुरुप महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5 के अभियान तहत जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को देश-प्रदेश के संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा व पदगत दायित्वों का निर्वहन करने हेतु जागरूकता लाने के क्रम में निर्मला कॉवेन्ट स्कूल रेनुकूट सोनभद्र में 11वीं कक्षा में अध्यनरत एक मेधावी छात्रा सदफ सिद्दीकी पुत्री मोहम्मद शाहेनूर हसन को आज दिनांक-10.10.2024 को सांकेतिक रूप में ङ्कएक दिन की डिप्टी एसपी पिपरी ङ्क नियुक्त किया गया । आज दिनांक 10.10.2024 को क्षेत्राधिकारी पिपरी श्री अमित कुमार के कार्यलय में एक दिन की क्षेत्राधिकारी सदफ सिद्दीकी के द्वारा आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया ।

# म्योरपुर में चला रोजगार अधिकार अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**म्योरपुर।** 10 अक्टूबर 2024, रोजगार अधिकार अभियान के 10 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रचार के लिए म्योरपुर के विभिन्न गांवों और म्योरपुर बाजार, आश्रम मोड बाजार पर बड़े पैमाने पर संवाद किया गया। संवाद के दौरान आमतौर पर व्यापारियों ने बताया कि भीषण महंगाई के कारण उनका व्यवसाय बेहद संकट के दौर से गुजर रहा है। लोगों की आमदनी घट रही है जिससे उनकी क्रयशक्ति में भारी गिरावट आई है। ग्रामीणों ने बताया कि बेरोजगारी और भीषण महंगाई ने उनकी जिंदगी को तबाह कर दिया है। अभियान के नेताओं ने कहा कि देश के हर नागरिक को रोजगार दिया जा सकता है बशर्ते सरकार नीतियों में बदलाव करने के लिए तैयार हो। अगर देश के सुपर रिच की संपत्ति पर मात्र दो प्रतिशत संपत्ति कर और 30 प्रतिशत विरासत कर लगाया जाए तो 48 लाख करोड़ के केंद्र सरकार के मौजूदा बजट के अलावा 15 से 20 लाख करोड रुपए इकट्ठा किया जा सकता है। इस पूंजी से देश के हर नागरिक को रोजगार, मुफ्त और बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य, भरपेट भोजन का अधिकार, पुरानी पेंशन योजना की बहाली और वृद्धावस्था में सम्मानजनक पेंशन की गारंटी की जा सकती है। अभियान की टीम ने विभिन्न विद्यालयों में अध्यापकों से और छात्रों से भी मुलाकात की और निजी डिग्री कॉलेज में भी प्रचार अभियान को चलाया। युवाओं ने कहा कि आदिवासी समाज की बच्चियों पढ़ना चाहती हैं, राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहती हैं, समाज के लिए कुछ करना चाहती हैं लेकिन लड़कियों के लिए डिग्री कॉलेज ना होने के कारण उन्हें मजबूरी में अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ती है। आने वाले समय में म्योरपुर में आदिवासी महिला डिग्री कॉलेज खोलने के सवाल पर एक बड़ा अभियान संचालित किया जाएगा।अभियान में युवा मंच की जिला अध्यक्ष रूबी सिंह गोंड, जिला संयोजक सविता गोंड, ओबरा डिग्री कॉलेज की छात्र नेता गुंजा गोंड, सुगवंती गोंड, प्रशांत शुक्ला, इंद्रदेव खरवार, राजकुमारी गोंड, जुगनू गोंड, पूजा यादव आदि लोग मौजूद रहे।



# वाराणसी में जलेगा पूर्वांचल का सबसे बड़ा 75 फीट का रावण, रामनगर में तैयार हो रहा 60 फीट का पुतला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** जिले के बरेका में 75 फीट लंबा रावण जलेगा। जबकि लाटभैरव में 70 और रामनगर में 60 फीट का रावण जलेगा। काशी में मुस्लिम परिवार ही रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का पुतला तैयार करता है। विजयदशमी की तैयारियां अब अंतिम दौर में हैं। लाटभैरव की रामलीला में इकोफ्रेंडली रावण, बरेका में 75 फीट और रामनगर में 60 फीट के रावण का दहन किया जाएगा। रामलीला के आयोजन से हिंदू और मुस्लिम दोनों जुड़े हुए हैं। विजयादशमी पर जलने वाले रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले मुस्लिम परिवार ही तैयार करते हैं।असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व विजयदशमी 12 अक्तूबर को मनाया जाएगा। इस साल गंगा-वरुणा संगम किनारे लंका मैदान में दशानन रावण का दहन काफी आकर्षक होगा। 500 साल से भी प्राचीन रामलीला में इकोफ्रेंडली रावण आकर्षण का केंद्र होगा। लाटभैरव रामलीला के प्रधानमंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कन्हैयालाल यादव ने कहा कि इस बार 70 फीट के रावण का निर्माण किया जा रहा है।इस बार के लंका दहन की सबसे खास बात है कि लंका के आगे दो द्वारपाल होंगे और उनके बीच हनुमान जी अंदर जाकर पूरी लंका को जलाते हुए सीता मां को लेकर निकलेंगे। ये दृश्य देखने में काफी आकर्षक होगा। वहीं रावण वध के लिए इको फ्रेंडली आतिशबाजी की जाएगी। इससे कम प्रदूषण होगा। अंबिया मंडी के इश्तियाक अहमद और उनका परिवार तीन पीढ़ियों से इस रावण दहन के लिए पुतलों का निर्माण कर रहा है।इश्तियाक 35 वर्षों से पुतले बनाने का काम कर रहे हैं। वह बताते हैं कि यह उनके खानदानी काम का हिस्सा है। हम सालों से इस परंपरा को निभाते आ रहे हैं। रावण का एक पुतला तैयार करने में लगभग एक सप्ताह का समय लगता है। इसके लिए करीब 15 से 20 हजार रुपये की लागत आती है। रावण के पुतले बनाने के लिए बांस, रंग-बिरंगे कागज, रस्सी, और लकड़ी की स्केल का उपयोग किया जाता है। परिवार की तीन महीने की ेहनत से लगभग दो दर्जन से ज्यादा पुतले तैयार होते हैं, जो वाराणसी के अलावा पूर्वांचल के कई जिलों में भेजे जाते हैं। विश्वप्रसिद्ध रामनगर की रामलीला में 60 फुट ऊंचे और 30 फीट परिधि का विशालकाय रावण का पुतला आकर्षण का केंद्र होगा। पुतला बनाने में जुटे राजू खान बताते हैं कि उनका यह काम पीढ़ियों का है। शुरुआत परदादा हाजी अली हुसैन ने की थी। वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लगभग 20 कारीगरों के साथ रामलीला शुरू होने के एक सप्ताह पहले से ही पुतला बनाने में जुट जाते हैं। बरेका में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के विशालकाय पुतलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



# बड़ी ही जोर शोर से निकली काशीराम नैनी की काली यात्रा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराजी.नैनी ।** विगत कई वर्षों से प्रयागराज नैनी स्थित काशीराम आवास योजना की नव दुर्गा कमेटी द्वारा प्रचण्ड काली स्वांग का आयोजन होता आ रहा है ।काशीराम आवास योजना से लेकर मदर टेरेसा पुलिस चौकी तक काली नृत्य के साथ भारी भीड़ यात्रा करती है। भक्तों में एक अलग ही जोश और उत्साह देखने को मिलता है। इस यात्रा के संरक्षक राजकुमार, बाबा जी,सुनील जायसवाल ,कमलेश पटेल, ब्रहमानन्द,पिंटू भारतीया(अध्यक्ष), उपाध्यक्ष रवि गोस्वामी,दिनेश कन्नौजिया,महामंत्री मुकेश अग्रि ,अजय कुमार, कोषाध्यक्ष छोटू पटेल, नीरज शर्मा,संजय भारतीया आदि लोगो द्वारा यात्रा को हर साल नया स्वरूप दिया जाता है।



# शरारती तत्वों की करतूत पर भड़का आक्रोश, मौके पर पुलिस बल तैनात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**आजमगढ़।** नगर पंचायत जहानागंज बाजार क्षेत्र के कस्बा में स्थानीय नागरिकों का आक्रोश देखने को मिला। आरोप है कि पंडाल में स्थापित दुर्गा प्रतिमा किसी शरारती तत्व ने खंडित कर दी है। पुलिस को सूचना दे दी गई है और पुलिस मामले पर संज्ञान लेकर जांच में जुटी हुई है। जहानागंज के उत्तरी मोहल्ले में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई थी।












# भारत

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी लाओस की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस साल एक्ट ईस्ट नीति का दशक पूरा कर रहा है। मैं आसियान नेताओं के साथ हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करूंगा और हमारे सहयोग की





भविष्य की दिशा तय करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21वें आसियान-भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए लाओस की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को विश्वास जताया कि आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए लाओस की उनकी यात्रा आसियान देशों के साथ संबंधों को और गहरा करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस साल एक्ट ईस्ट नीति का दशक पूरा कर रहा है। मैं आसियान नेताओं के साथ हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करूंगा और हमारे सहयोग की भविष्य की दिशा तय करूंगा। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि लाओस जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य (लाओ पीडीआर) समेत क्षेत्र के साथ भारत के करीबी, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं।

### बाइडन ने नेतन्याहू से की बात, इस्राइल के ईरान पर संभावित हमले को लेकर दिया समर्थन

**लेबनान ।** जो बाइडन और बेंजामिन नेतन्याहू की यह बीतचीत बीते दो महीने में पहली बार हुई। इस दौरान बाइडन ने नेतन्याहू को लेबनान में आम नागरिकों को कम से कम नुकसान पहुंचाने का आग्रह भी किया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर बात की। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। इस बातचीत के दौरान बेंजामिन नेतन्याहू ने इस्राइल के ईरान पर संभावित हमले को लेकर अमेरिका का समर्थन दोहराया और लगातार संपर्क में रहने की बात भी कही। हसन नसरल्ला की मौत के बाद ईरान ने इस्राइल पर हमला किया था। इससे पहले जब सीरिया में इस्राइली हमले में ईरान के शीर्ष सैन्य कमांडर मारे गए थे, तब भी ईरान ने इस्राइल पर हमला किया था।

## लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरें', पीएम मोदी की मंत्रियों को दो टूक- सुख भोगने नहीं, सेवा के लिए आए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों को समझना होगा कि लोगों की अपेक्षाएं कैसे पूरी की जाएं। पीएमओ को प्राप्त पत्रों में 60 फीसदी शिकायतें व सुझाव राज्यों से संबंधित थे, इसलिए इन पत्रों को राज्यों को भेज दिया गया। शेष 40 प्रतिशत शिकायत और सुझाव जो केंद्र से जुड़े थे, कार्यकाल में लोगों का सरकार से जुड़ाव और आशा-अपेक्षा बहुत ज्यादा है। यूपीए सरकार के दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री कार्यालय को देशभर से शिकायतों-सुझावों के महज 5 लाख पत्र मिले। इसकी तुलना में उनकी सरकार के कार्यकाल में ऐसे पत्रों की संख्या 4.5 करोड़ है। यह आंकड़ा बताता है कि हमारी सरकार पर लोगों की



उनका समय पर उचित निस्तारण नहीं हुआ। मंत्रिपरिषद की बुधवार को हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैबिनेट मंत्रियों के कामकाज से खफा नजर आए। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचने वाली शिकायतों के निपटारे में उदासीनता पर निराशा और नाराजगी जताई। तीन घंटे तक चली मैराथन बैठक में पीएम ने मंत्रियों को अपने राज्यमंत्रियों को प्रतीकात्मक रूप में नहीं लेने की नसीहत दी। साथ ही, शिकायतों के निपटारे में राज्य मंत्रियों को मुस्तैद करने का निर्देश दिया। बैठक में पीएम ने कहा, उनके अपेक्षाओं और आशाओं का बोझ कितना ज्यादा है।पीएम ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों को समझना होगा कि लोगों की अपेक्षाएं कैसे पूरी की जाएं। पीएमओ को प्राप्त पत्रों में 60 फीसदी शिकायतें व सुझाव राज्यों से संबंधित थे, इसलिए इन पत्रों को राज्यों को भेज दिया गया। शेष 40 प्रतिशत शिकायत और सुझाव जो केंद्र से जुड़े थे, उनका समय पर उचित निस्तारण नहीं हुआ। पीएम ने केंद्रीय मंत्रियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की निगरानी का काम राज्य मंत्रियों के हवाले करें। इस दौरान पीएम ने राज्य मंत्रियों द्वारा काम नहीं मिलने की शिकायतों का जिक्र करते हुए नाराजगी जाहिर की और कहा कि इस पद को किसी भी सूरत में प्रतीकात्मक नहीं समझा जाए। पीएम ने कहा कि भाजपा की अगुवाई वाली राजग सरकार सत्ता सुख भोगने नहीं आई है। हम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए आए हैं। यही कारण है कि बीते दस साल में लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं पर सर्वाधिक ध्यान दिया गया है। यही कारण है कि लोगों की अपेक्षा और आकांक्षा में भी बढ़ोत्तरी हुई है। पीएम ने दो टूक शब्दों में कहा कि लोगों की अपेक्षा और आकांक्षाओं को हर हाल में पूरा किया जाए। परिषद की बैठक के दौरान विकसित भारत और रक्षा-सुरक्षा के इतर लोगों के खानपान की आदत में आए बदलाव पर तीन प्रस्तुतियां दी गईं। खानपान संबंधी प्रस्तुति में बताया गया कि देश में गरीब से लेकर अमीर तक की खान पान की संस्कृति में बड़ा बदलाव आया है।खासतौर पर गरीब कल्याण योजना के कारण गरीब तबके में अनाज के इतर फल, डेयरी प्रोडक्ट, अंडा सहित अन्य निरामिष वस्तुओं की खपत बढ़ी है। प्रस्तुति में बताया गया कि चूंकि देश के 80 करोड़ आबादी को मुफ्त अनाज सहित कई सहुलियतें सरकार द्वारा दी गईं हैं, ऐसे में यह तबका भी पौष्टिक भोजन हासिल करने में सक्षम हो रहा है।

## यूएस से परमाणु पनडुब्बियों 31 प्रीडेटर ड्रोन के लिए 80000 करोड़ का सौदा, सैन्य क्षमता में होगा इजाफा


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शीर्ष सूत्रों ने बताया कि योजना के मुताबिक, भारतीय नौसेना को दो परमाणु संचालित हमलावर पनडुब्बियां मिलने से हिंद महासागर क्षेत्र में उसकी ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। दो परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण के लिए विशाखापट्टनम स्थित शिप बिल्डिंग सेंटर के साथ 45,000 करोड़ रुपये



का सौदा हुआ है।नौसेना, सेना और वायुसेना के लिए भारत दो परमाणु पनडुब्बियों को स्वदेशी स्तर पर ही निर्माण करेगा और अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने इस संबंध में 80,000 करोड़ रुपये के प्रमुख सौदों को मंजूरी दे दी है। इससे समुद्र से लेकर सतह और आसमान तक में भारत की मारक और निगरानी क्षमता में प्रभावी वृद्धि होगी। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि योजना के मुताबिक, भारतीय नौसेना को दो परमाणु संचालित हमलावर पनडुब्बियां मिलने से हिंद महासागर क्षेत्र में उसकी ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। दो परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण के लिए विशाखापट्टनम स्थित शिप बिल्डिंग सेंटर के साथ 45,000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ है। इसमें लॉर्सन एंड टूब्रो जैसी निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों की भागीदारी भी होगी।सूत्रों ने बताया कि यह सौदा लंबे समय से लटका हुआ था। भारतीय नौसेना इस पर जोर दे रही थी क्योंकि समुद्र के भीतर उसकी क्षमता की कमी को पूरा करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। भारत ने नौसेना में पनडुब्बियों को शामिल करने की दीर्घकालिक योजना बनाई है जिसके तहत इस तरह की छह पनडुब्बियां शामिल हैं। इन पनडुब्बियों का निर्माण महत्वाकांक्षी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल प्रोजेक्ट के तहत किया जाएगा जो अरिहंत श्रेणी के तहत बनाई जा रही पांच परमाणु पनडुब्बियों से अलग हैं। सीसीएस ने जिस दूसरे बड़े सौदे को मंजूरी दी है उसमें अमेरिकी जनरल एटॉमिक्स से 31 प्रीडेटर ड्रोन की खरीद की जाएगी। यह सौदा भारत और अमेरिका दोनों सरकारों के बीच विदेशी सैन्य बिक्री अनुबंध के तहत होगा। इस सौदे को 31 अक्तूबर से पहले मंजूरी देना जरूरी था क्योंकि अमेरिकी प्रस्ताव की वैधता तब खत्म हो रही थी।

## महाराष्ट्र में अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ विशेष अभियान चलाएं', चुनाव से पहले बॉम्बे हाईकोर्ट का निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने राजनीतिक दलों को अतीत में अदालत को दिए गए वचनों का पालन करने की भी



याद दिलाई, जिसमें आश्वासन दिया गया था कि उनका कोई भी कार्यकर्ता कोई अवैध होर्डिंग या बैनर नहीं लगाएगा। बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले बुधवार को नागरिक निकायों से अवैध होर्डिंग्स और बैनर्स के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। यह कदम अवैध विज्ञापनों से सार्वजनिक सड़कों को खराब होने से रोकने के लिए उठाया गया है, जो मुख्य रूप से राजनीतिक दलों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा लगाए जाते हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने राजनीतिक दलों को अतीत में अदालत को दिए गए वचनों का पालन करने की भी याद दिलाई, जिसमें आश्वासन दिया गया था कि उनका कोई भी कार्यकर्ता कोई अवैध होर्डिंग या बैनर नहीं लगाएगा। न्यायालय ने चेतावनी दी है कि राजनीतिक दलों द्वारा दिए गए समझौतों का उल्लंघन गंभीरता से लिया जाएगा।न्यायालय का यह निर्देश 2017 के आदेश पर आधारित है, जिसमें नागरिक निकायों को सार्वजनिक सड़कों को अवैध होर्डिंग्स और बैनर्स से मुक्त रखने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद नागरिक निकाय इस नियम को लागू करने में विफल रहे हैं, जिसके कारण न्यायालय ने सख्त कार्रवाई की है।

## भारत के विरोध के बाद ब्रिटेन में नगा खोपड़ी की नीलामी रुकी; नगालैंड में विरोध प्रदर्शन के बीच लिया फैसला

**नगालैंड ।** 19वीं शताब्दी की सींग युक्त नगा मानव खोपड़ी, नगा जनजाति' को बिक्री के लिए सूची में लॉट नंबर 64 पर रखा गया था। इसकी बिक्री को लेकर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने विरोध जताया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस बिक्री को रोकने में दखल की मांग की थी। ब्रिटेन के एक नीलामी गृह ने बुधवार को अपने 'नगा मानव खोपड़ी' को 'लाइव ऑनलाइन बिक्री' की सूची से हटा लिया। उसने इस मुद्दे पर भारत के विरोध के बाद यह कदम उठाया। ऑक्सफोर्डशायर के टेस्ट्सवर्थ में स्वॉन नीलामी गृह के पास उसके 'द क्यूरियस कलेक्टर सेल, एंटीक्वेरियन बुक्स, मैनुस्क्रिप्ट्स एंड पेंटिंग्स' के तहत दुनियाभर से प्राप्त खोपड़ियों व अन्य अवशेषों का संग्रह है। 19वीं शताब्दी की सींग युक्त नगा मानव खोपड़ी, नगा जनजाति' को बिक्री के लिए सूची में लॉट नंबर 64 पर रखा गया था। इसकी बिक्री को लेकर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने विरोध जताया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस बिक्री को रोकने में दखल की मांग की थी। रियो ने अपने पत्र में लिखा, ब्रिटेन में नगा मानव खोपड़ी की नीलामी के प्रस्ताव की खबर ने सभी वर्ग के लोगों पर नकरात्मक असर डाला है क्योंकि हमारे लोगों के लिए यह बेहद भावनात्मक और पवित्र मामला है।

## अर्जेंटीना की विदेश मंत्री का भारत दौरा पूरा, दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना की विदेश मंत्री डायना मोंडिनो ने भारत की अपनी पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पूरी की, जिसके दौरान उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ 7वीं भारत-अर्जेंटीना संयुक्त खनन शामिल थे। अपनी यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री मोंडिनो ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप एस पुरी और वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भी मुलाकात की।बता दें कि अर्जेंटीना की विदेश मंत्री डायना मोंडिनो के



आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता की। अर्जेंटीना की विदेश मंत्री डायना मोंडिनो 5-9 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर थीं। इस दौरान उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के साथ 7वीं भारत-अर्जेंटीना संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता की। जेसीएम में, दोनों नेताओं ने आपसी लाभ के लिए प्रत्येक देश की ताकत का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा की।विदेश मंत्रालय के अनुसार कि चर्चा किए गए प्रमुख क्षेत्रों में रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, परमाणु, सूचना प्रौद्योगिकी, रेलवे, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, कृषि और साथ खनन, कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, जैव प्रौद्योगिकी और परमाणु ऊर्जा समेत विविध क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाला 17 सदस्यीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी था। अर्जेंटीना के व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री और विदेश मंत्री मोंडिनो के साथ संयुक्त रूप से बातचीत की। भारतीय कंपनियों के साथ कई बैठकें विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय व्यापार और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ एक व्यापारिक कार्यक्रम में भी भाग लिया, जिसका आयोजन सीआईआई ने किया था और जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री मोंडिनो और वाणिज्य एवं उद्योग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने की थी।

## हर साल चार लाख से ज्यादा जिंदगियां खत्म कर रही अनजान चोट, रोकथाम के लिए राष्ट्रीय रणनीति तैयार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सरकार ने अनजान चोट को चार प्रमुख भागों में बांटा है, जिनमें सड़क यातायात चोटें, पानी में डूबना, आग में झूलसना और ऊंचाई से गिरना शामिल हैं। रोकथाम के लिए आबादी को भी है, जिनमें श्रमिक, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। राज्यों को जारी 174 पेज की रिपोर्ट में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत पिछले कई वर्षों से अनजान चोट की वजह से जान-माल का नुकसान झेल रहा है। रोकथाम के




तीन प्राथमिकताओं में अलग किया है, जिनमें श्रमिक, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। देश में हर साल चार लाख से ज्यादा जिंदगियां अनजान चोट के चलते खत्म हो रही हैं। इनकी रोकथाम के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय रणनीति तैयार की है। इसके तहत राज्यों के साथ मिलकर 2030 तक इन घटनाओं में 30 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है। सरकार ने अनजान चोट को चार प्रमुख भागों में बांटा है, जिनमें सड़क यातायात चोटें, पानी में डूबना, आग में झूलसना और ऊंचाई से गिरना शामिल हैं। रोकथाम के लिए आबादी को भी तीन प्राथमिकताओं में अलग किया उपायों को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने के लिए विशेषज्ञों की सलाह के बाद रणनीति तैयार की है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि राष्ट्रीय रणनीति में सबसे पहले सेवा वितरण शामिल है, जिसमें मौजूदा बुनियादी ढांचे में सुधार करते हुए चोट के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा। उच्च गुणवत्ता वाली सहायता के जरिये मौत की आशंका या फिर दीर्घकालिक विकलांगता को कम किया जा सकेगा। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य कार्यबल, स्थानीय एजेंसियों के साथ तालमेल, सामाजिक संगठनों के जरिये क्षेत्र में जागरूकता, डाटा और अनुसंधान, चोट निवारण कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त धनराशि, सरकारी विभागों के बीच आपसी समन्वय और रियल टाइम निगरानी व रिपोर्टिंग को शामिल किया है। केंद्र ने राष्ट्रीय रणनीति में मृत्युदर के आधार पर सबसे ज्यादा गंभीर स्थिति वाले राज्यों की पहचान भी की है। इनमें लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गोवा, ओडिशा, तेलंगना, कर्नाटक, केरल, पांडिचेरी और तमिलनाडु शामिल हैं। इन राज्यों में अनजान चोट की वजह से मृत्युदर राष्ट्रीय औसत 32.01 की तुलना में काफी ज्यादा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो 2022 के अनुसार, भारत में 4,30,504 लोगों की अनजाने में चोट लगने की वजह से मौत हुई, जबकि इसी साल 17,0924 मौत जानबूझकर लगी चोट से हुई हैं। भारत में सबसे ज्यादा 45.1इ्र मामले सड़क दुर्घटनाओं की वजह से हैं। इसके बाद डूबना (8.9इ्र), जहर देना (5इ्र), गिरना (5.5इ्र) और आग से झूलसने (4.7इ्र) शामिल हैं। राष्ट्रीय रणनीति में सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं के साथ-साथ कार्यस्थल पर होने वाली घटनाओं को भी शामिल किया है। आगामी दिनों में देश के सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण मिलेगा, ताकि घायलों को सबसे पहले प्राथमिक उपचार मिल सके। इसके बाद जरूरी होने पर मरीज को बड़े अस्पताल रेफर किया जाएगा जिसके लिए रैफरल नीति भी बनी है।

## चुनाव नतीजे उमर की जीत, मोदी को झटका', पाकिस्तानी मीडिया ने की नेकां-कांग्रेस गठबंधन की तारीफ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की मीडिया में कश्मीर के चुनाव पर छपी खबरों में नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत और उमर अब्दुल्ला के सीएम बनने को प्रमुखता दी गई। अधिकतर मीडिया



हाउस ने कश्मीर चुनाव में नरेंद्र मोदी को झटका और नेकां-कांग्रेस गठबंधन की तारीफ की है।जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजों पर न सिर्फ भारत बल्कि पड़ोसी देश पाकिस्तान की भी नजरें थीं। पाकिस्तान की मीडिया में कश्मीर के चुनाव पर छपी खबरों में नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत और उमर अब्दुल्ला के सीएम बनने को प्रमुखता दी गई। अधिकतर मीडिया हाउस ने कश्मीर चुनाव में नरेंद्र मोदी को झटका और नेकां-कांग्रेस गठबंधन की तारीफ की है। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन ने अपनी रिपोर्ट में शीर्षक लगाया, भाजपा को हराया, उमर अब्दुल्ला करेंगे जम्मू-कश्मीर की नुमाइंदगी। अखबार लिखता है कि उमर अब्दुल्ला दोबारा सत्ता संभालने जा रहे हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने चुनाव में बहुमत का आंकड़ा पा लिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 2014 के बाद के पहले चुनाव में जोरदार जीत हासिल की। अखबार ने लिखा, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को भी 29 सीटें मिली हैं, जो अब तक का उसका सबसे अच्छा प्रदर्शन है, लेकिन सत्ता पाने का मंसूबा अधूरा रह गया।एक अन्य अखबार दी नेशन ने शीर्षक लगाया, जम्मू-कश्मीर का फैसला-हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी की निर्णायक हार।

## विकास भी विरासत भी' योजना को मंजूरी, गुजरात में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री विरासत कॉम्प्लेक्स

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**इसके अलावा केंद्रीय कैबिनेट ने देश की सीमाओं में लगे इलाकों खासतौर पर पंजाब और राजस्थान में आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए विस्तृत निर्माण योजना का मंजूरी दी है। इसके तहत राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों के 2 हजार किलोमीटर से अधिक नया रोड नेटवर्क तैयार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने विकास भी विरासत भी योजना को भी स्वीकृति प्रदान की है। इसका लक्ष्य भारत की नेवी क्षमताओं के सुनहरे और जीवंत इतिहास से दुनिया को परिचित करना है। इसके तहत देश की नौवहन इतिहास को सजीव करने के लिए गुजरात के लोथल में एक नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा, जो कि दो साल में साकार दिखने लगेगा। इसके अलावा केंद्रीय कैबिनेट ने देश की सीमाओं में लगे इलाकों खासतौर पर पंजाब और राजस्थान में आधारभूत ढांचे के



निर्माण के लिए विस्तृत निर्माण योजना का मंजूरी दी है। इसके तहत राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों के 2 हजार किलोमीटर से अधिक नया रोड नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इससे देश के अन्य रोड नेटवर्क से भी जोड़ा जाएगा। विकास और विरासत की इस योजना में कैबिनेट ने देश की नौवहन यानी समुद्र में परिवहन की विरासत से दुनिया को परिचित कराने का बीड़ा उठाया है, इसके लिए एक विस्तृत योजना को मंजूरी दी गई है। भारत की समुद्री विरासत बहुत समृद्ध है और सबसे पुराने समुद्री साक्ष्य लगभग 4,500 साल पुराने हैं। चोल और पांड्यों के पास विशाल नौसैनिक और व्यापारिक बेड़े थे। उड़ीसा से व्यापारी जहाज श्रीलंका, बाली, जावा और गोवा तक जाते थे। गुजरात में लोथल पारंपरिक हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख शहरों में से एक था, जिसका इतिहास 2400 ईसा पूर्व का है। जहाज निर्माण, व्यापारी बेड़ा और वल्लभी विश्वविद्यालय विश्व प्रसिद्ध थे। भारत का जहाज निर्माण उद्योग विश्व प्रसिद्ध था। हमारी समृद्ध समुद्री विरासत को संरक्षित और विकसित करने की आवश्यकता है। इसके मद्दे नजर ही राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का विकास करने की योजना को मंजूरी मिली है। इसमें शिवाजी के जमाने से उनके नौसेनापति कन्होजी अंग्र की जलीय सुरक्षा में क्षमता से लेकर अनादिकाल से चली आ रही भारतीय समृद्ध नौवहन की विस्तृत और साझा विरासत को शोकेस किया जाएगा। इसमें लाइट हाउस और संग्रहालय होगा। जिसमें भारत की पानी के जहाज बनाने की विरासत, लोथल शहर में किस तरह से नौवहन संचालित होता था, को लोग देख सकेंगे। यह दुनिया का सबसे बड़ा मेरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स होगा।

## मनोज जरंगे बोले- अगर मराठा आरक्षण से जुड़ी मांगे नहीं मानी गईं, तो चुनावी रणनीति का करूंगा खुलासा


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मनोज जरांगे ने कहा, हम आचार संहिता का इंतजार कर रहे हैं। अगर हमारी मांगें उस समय तक स्वीकार नहीं की गई, विधानसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति का खुलासा करेंगे। जरांगे ने कहा कि अगर उनके समर्थक चुनाव लड़ाने का फैसला करते हैं, तो वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप (सत्तारूढ़ गठबंधन) सोने नहीं दूंगा। जरांगे ने बीते एक साल से अधिक समय में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर कई धरने और आंदोलन किए हैं। जब उनसे पूछा गया कि



तो हम 48 घंटे में विधानसभा चतुनावों की रणनीति का खुलासा करेंगे।कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बुधवार को कहा कि अगर महाराष्ट्र सरकार मराठा समुदाय की आरक्षण से जुड़ी मांगों को नहीं मानती है, तो वह आचार संहिता लागू होने के 48 घंटे के भीतर में चुनाव में भाग लेंगे और सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा-राकांपा गठबंधन से मुकाबला करेंगे। जरांगे ने कहा, हम आचार संहिता का इंतजार कर रहे हैं। अगर हमारी मांगें उस समय तक स्वीकार नहीं की गई, तो हम 48 घंटे में विधानसभा चतुनावों की रणनीति का खुलासा करेंगे। मैं उन्हें असंतुष्ट मराठा समुदाय ने सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों को 113 निर्वाचन क्षेत्रों में हराने का लक्ष्य रखा है, तो उन्होंने कहा, अगर मराठा आरक्षण का मुद्दा हल नहीं होता तो हमारे पास 113 उम्मीदवारों की सूची है, जिन्हें हम हराना चाहते हैं। लेकिन हम किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। अगर हम चुनाव लड़ने का फैसला लेते हैं, तो हमारे उम्मीदवार निर्दलीय मैदान में होंगे। हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा के जीतने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हर राज्य के मुद्दे अलग होते हैं। उन्होंने कहा, हरियाणा में सभी ने भाजपा के लिए वोट नहीं दिया होगा। लेकिन भाजपा को सत्ता में आने के बाद उन लोगों को छोड़ने की आदत है, जो उनकी मदद करते हैं। यहां मराठा समुदाय है और आंदोलन अभी भी जारी है। जरांगे ने यह भी दावा किया कि महाराष्ट्र में 55 फीसदी लोग मराठा समुदाय से हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि महाराष्ट्र में 55 फीसदी लोग मराठा समुदाय से आते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि लगभग हर निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम एक लाख मराठा मतदाता हैं। हमारे पास उम्मीदवारों को हराने की क्षमता है।

**मिर्ज़ापुर** **सोनभद्र**






# अश्लील गाना बजवाए हुए किन्नरों को नचवाने पर मामला दर्ज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र बीते 6.10 को हेड कांस्टेबल शिवकुमार यादव , कांस्टेबल रामबाबू सोनकर,कांस्टेबल आकाश कुमार सुकृत थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र में नियुक्त है 6.10. को इन लोगों द्वारा अपने-अपने मोटरसाइकिल से मधुपुर गस्त करते हुए मधुपुर रामलीला ड्यूटी में पीएसी बल के साथ सहयोगार्थ लगे थे की समय करीब 1:00 बजे सत्येंद्र पटेल पुत्र मंगल प्रसाद निवासी मधुपुर व रामलीला कमेटी के सदस्य गण आयोजन गण नाम पता अज्ञात निवासी गण मधुपुर व अन्य लोगों द्वारा रामलीला के मंच पर अश्लील गाना बजवाए हुए किन्नरों को नचवाया जा रहा था वह वीडियो बनाया जा रहा था जिसका विरोध वहां बैठे लोग व हम लोग ड्यूटी में लगे कर्मचारीगण द्वारा किया गया किंतु सत्येंद्र पटेल पुत्र मंगल प्रसाद व कमेटी के द्वारा बंद नहीं किया गया जिसका रामलीला देखने आई महिलाओं द्वारा भारी विरोध किया गया इसके संबंध में हेड कांस्टेबल शिवकुमार यादव के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानी पर मुकदमा अपराध संख्या -737/2024 धारा 296बीएन?एस वर्ष 2023 थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है प्रभारी निरीक्षक थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र।



# छात्रा सांकेतिक रूप में एक दिन की बनी एएसपी नियुक्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शासन के मंशा के अनुरुप महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5ङ के अभियान तहत जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को देश-प्रदेश के संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा व पदगत दायित्वों का निर्वहन करने हेतु जागरूकता लाने के क्रम में सोनभद्र में बारहवीं कक्षा में अध्यनरत एक मेधावी छात्रा सदर कोतवाली में एडिशनल एसपी मुख्यालय सांकेतिक प्रभारी वन सुनी समस्या। वही सांकेतिक रूप में ङ्खएक दिन की क्षेत्राधिकारी नगरङ्क नियुक्त किया गया गौरी पाराशर पुत्री गौतम पाराशर पुलिस लाइन चुर्क में सिओ बन सुनी फरियाद एडिशनल एसपी कालू सिंह बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश स्थान में शासन आदेश पर जिले भर के विभिन्न थाना चौकिया में एक दिन के सांकेतिक प्रभारी बंद समस्या सुनते हुए दिशा निर्देश दिया गया उसी क्रम में महिला थाना प्रभारी आदर्श इंटर कॉलेज कक्षा 12 की छात्रा आकांक्षा बनकर समस्याओं को सुनते हुए उसके निस्तारण को दिशा निर्देशित किया वहीं पास में बैठी महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सविता सरोज ने बताया कि दोनों पक्षों से वार्ता कर बीच बचाव आपसी समझौता को लेकर सुझाव दी गई वहीं । समस्या सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया ।



# 10 वीं कि छात्रा ने एक दिन के लिए अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय का सम्भाला पद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** आदर्श इण्टर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में अध्ययनरत कक्षा-10वीं एक मेधावी छात्रा रितिका कुमारी को सांकेतिक रूप में एक दिन की अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), सोनभद्र नियुक्त किया गया- सांकेतिक रुप में नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) ने सुनी फरियादियों की समस्याएं-शिकायतों के निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश- शासन के मंशा के अनुरुप महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5 के अभियान तहत जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को देश-प्रदेश के संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा व पदगत दायित्वों का निर्वहन करने हेतु जागरूकता लाने के क्रम में आज दिनांक-10.10.2024 को आदर्श इण्टर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र की दसवीं कक्षा में अध्ययनरत एक मेधावी छात्रा रितिका कुमारी पुत्री संजय कुमार को सांकेतिक रूप में एक दिन की अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र बनाई गयी । आज दिनांक 10.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में सांकेतिक अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) ने पुलिस कार्यालय पर अपनी समस्या लेकर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया । इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह के साथ पत्रकार बन्धु भी उपस्थित रहें ।





# आदर्श इण्टर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में अध्ययनरत एक मेधावी छात्रा को सांकेतिक रूप में एक दिन की पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शासन के मंशा के अनुरुप महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5 के अभियान तहत जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को देश-प्रदेश के संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा व पदगत दायित्वों का निर्वहन करने हेतु जागरुकता लाने के क्रम में आज दिनांक-10.10.2024 को आदर्श इण्टर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र की ग्यारह वीं कक्षा में अध्ययनरत एक मेधावी छात्रा कुमारी दीक्षा केशरी पुत्री धीरज केसरी को सांकेतिक रूप में एक दिन की पुलिस अधीक्षक सोनभद्र बनाई गयी । आज दिनांक 10.10.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में सांकेतिक पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय पर अपनी समस्या लेकर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया । इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह के साथ पत्रकार बन्धु भी उपस्थित रहें ।

# संस्कृति एवं कला के पुनरुत्थान में सदैव सक्रिय रहते हुए नई प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से यमुना पार के विशाल आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** ग्राम शिल्प महोत्सव का आगाज इस वर्ष नवीन प्रतिभाओं को कार्यशाला के माध्यम से गायन ,वादन, नृत्य सहित विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्रारंभ करके हो चुका है। प्रत्येक वर्ष उद्योग नगर परिसर में लगने वाले ग्राम शिल्प महोत्सव का शुभारंभ सत्रह अक्टूबर से हो रहा है परंतु इस वर्ष प्रयागराज मंडल के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को कला एवं संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से उन्हें तीन दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कार्यशाला मां शारदा संगीत समिति नैनी प्रयागराज में प्रारंभ हो चुकी है संस्था के आयोजक श्री दत्तात्रेय पांडे ने बताया कि इस वर्ष प्रयागराज के विभिन्न विद्यालयों के अंतर्गत तीन सौ से अधिक छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी तथा देश भर के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा लोक परक प्रस्तुतियां भी मंच पर आयोजित की जाएंगी ।इस अवसर पर संस्था के संयोजक पियूष ग्राम उद्योग सेवा समिति के सचिव श्री दत्तात्रेय पांडे ,मां शारदा संगीत समिति के निदेशक श्री अभिषेक सिंह ,यमुना पार कलाकार संघ की महिला संयोजिका श्रीमती श्वेता प्रियांशु श्रीवास्तव ,सचिव श्रीमती नीतू राय ,नेहा मिश्रा सहित प्रशिक्षिका सुगंधा निषाद, विनीत श्रीवास्तव सहित कलाकार संघ के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ,अथर्व श्रीवास्तव देवराज सिंह स्वराष्ट्र सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष अमित मिश्रा और सचिव आयुषी पाण्डेय, स्वतंत्रत पाण्डेय, पूजा, कोमल आदि उपस्थित रहे।



# मानपुर गांव में अनसूचित मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी पर के नेतृत्व में सदस्यता महा पर्व अभियान के अंतर्गत भाजपा अनुसूचित जात मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में बुधवार को विधानसभा घोरावल के ग्राम पंचायत मानपुर में महापर्व सदस्यता कैंप लगाकर सम्मानित जनता जनार्दन का भाजपा से जोड़ने का काम किया गया । भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य व प्रदेश सदस्य रामचंद्र कनौजिया के दिशा निर्देश के क्रम में अनुसूचित मोर्चा द्वारा कैंप लगाकर भाजपा महापर्व सदस्यता अभियान कराया जा रहा है इसी क्रम में बुधवार को 86 लोगो को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई। वही सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि भाजपा संगठन जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के दिशा निर्देश के क्रम में अनुसूचित मोर्चा द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक भाजपा सदस्यता अभियान घर-घर पहुंचकर किया जा रहा है वहीं अनुसूचित मोर्चा के बूथ अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष एवं अन्य प्रभारी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है अपने-अपने क्षेत्र में मिलि जिम्मेदारियां का निर्माण करते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने का काम करें ।



# ब्रम्हनगर पूजा पंडाल में स्थापित मां की आरती में शामिल भक्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति ब्रम्हनगर पूजा परिसर में कलश स्थापना के साथ नित्य पूजा सुबह शाम करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ हो रही है। मंगलवार को संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां की आरती में हिस्सा लिया। जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति ब्रम्हनगर कमेटी के अध्यक्ष गिरीश पाण्डेय ने बताया कि इस बार अष्टमी तिथि की हानी है नवरात्रि में, उदया तिथि में अष्टमी शुक्रवार ग्यारह तारीख को मिल रही है। इसलिए जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति ब्रम्हनगर कमेटी के भक्त अष्टमी का व्रत शुक्रवार ग्यारह तारीख को करेंगे।



# अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज-5 के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद की एनजीओ, संभ्रान्त एवं स्वयं सहायता समूह के महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ की गयी गोष्ठी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र श्री कालू सिंह की अध्यक्षता में प्रशासनिक भवन, पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में मिशन शक्ति फेज-5 के अभियान के तहत जनपद की एनजीओ, संभ्रान्त महिलाएं, स्वयं सहायता समूह महिलाओं के साथ गोष्ठी की गयी। उक्त गोष्ठी में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व महिला थानाध्यक्ष सविता सरोज द्वारा महिला संबंधी अपराध, बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा उनसे बचने के उपाय, साइबर फ्रॉड, आर्थिक सशक्तिकरण, परिवार नियोजन, बच्चों को शिक्षा, वर्तमान में केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु चलाए जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही वूमन एम्पावरमेंट संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि के सम्बन्ध मे पम्पलेट वितरित कर जानकारी दी गई ।



# मंदिर के पूजा पाठ, धर्मशाला व स्थलों पर धार्मिक आयोजनो में न दे दखल :न्यायालय आदेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित एक होटल परिसर में बुधवार को अधिवक्ता एक के चौबे द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए राम मंदिर समिति सचिव के साथ मामले में विस्तार पूर्वक बताया वहीं अधिवक्ता ने बताया कि श्री राम चरित्र मानस मंदिर समिति , राम मंदिर, बजरिये सचिव , नील कांत तिवारी द्वारा समिति एवम समिति की आराजी स0 3048 गा रकबा 4 बीघा व 3048 क: रकबा 2 बीघा 13 बिश्वा स्तिथ ग्राम बिल्ली मारकुंडी ओबरा सोनभद्र के संबंध में प्रतिवादिगण विशाल गुप्ता पुत्र स्व0 कर्मवीर गुप्ता ,आलोक भाटिया पुत्र स्व0 तिलकराज भाटिया व सी0बी0 राय पुत्र स्व0 जमुना राय निवासीगण राम मंदिर कॉलोनी ओबरा सोनभद्र के विरुद्ध न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीज़न सोनभद्र के समक्ष निषेधाज्ञा वाद प्रस्तुत किया गया है जिसपर न्यायालय द्वारा पारित आदेश 7/10/2024 द्वारा विपक्षीगण को वादी के समिति के कार्यो व मंदिर के पूजा पाठ, धर्मशाला व स्थलों पर धार्मिक आयोजनो में , दखल दखल में हस्तक्षेप न तो स्वम करे और न ही एजेंटों कारकुनों से कराने से मना किया गया है।



# स्काउटिंग से होता है मानवता का विकास: डॉक्टर बृजेश महादेव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नंदना नगवा सोनभद्र में हर्षोल्लास के साथ स्काउटिंग प्रशिक्षण डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह महादेव ब्लॉक स्काउट मास्टर नगवां सोनभद्र द्वारा संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग से मानवता का विकास होता है। प्रशिक्षण में नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउटिंग का इतिहास, विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प निर्माण क्राफ्ट, कला, गांठ बंधन, बीपी 6 व्यायाम, फ्लैग सेरिमनी, टेंट निर्माण के साथ बिना बर्तन के भोजन बनाने की कला सिखाई गई । प्रशिक्षण के संरक्षक मुकुल आनंद पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र, सह संरक्षक बृजेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी नगवा, संयोजक सैयद अनवर हुसैन जिला स्काउट शिक्षक सोनभद्र, सहसंयोजक वंदना कुमारी विद्यालय वार्डन के निर्देशन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षक के रूप में डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह महादेव, सरोज कुमारी के साथ यूनिट लीडर अंकिता त्रिपाठी द्वारा बच्चों को स्काउटिंग का प्रशिक्षण कराया गया। शिविर संचालक एवं प्रशिक्षक डॉ बृजेश महादेव ने बताया कि शासनादेश के अनुसार प्रदेश के सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में छात्राओं को गाइड का प्रशिक्षण कराया गया। उन्होंने बताया कि स्काउटिंग से मानवता का विकास होता है। यह हमें आत्मनिर्भर बनता है और दूसरों की मदद करने के लिए प्रेरित करता है। विषम परिस्थितियों में हमें जीने की कला सिखाता है। यह मानव के लिए बहुत ही उपयोगी है और इसे जाने अनजाने में सभी अपनाते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को स्काउटिंग की दिनचर्या का बोध कराया जाता है। इस अवसर पर डॉक्टर नीलम सिंह, गीता भारती, स्वातिका आंचल, सरोज, शुभा गुप्ता, अंकित त्रिपाठी, कुमारी संध्या, उपेंद्रनाथ के साथ विशिष्ट अतिथि बंधु उपस्थित रहे और बच्चों को अपना आशीर्वचन दिया।

# भारत के वैश्विक स्तर पर चर्चित रतन टाटा को किए श्रद्धांजलि अर्पित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में गुरुवार को भारत के वैश्विक स्तर पर चर्चित टाटा समूह के अध्यक्ष की रक्तचाप के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन होने के कारण विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद जैन ,निर्देशक ओम जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष कुमार पांडे , प्रधानाचार्य अंबर उपाध्याय, उप - प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार यादव समस्त लोगो के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि दुनिया को अलविदा कह चुके रतन टाटा के मेहनत के दम पर टाटा ग्रुप सफलतम कंपनियों में सुमार हो पाई उनकी दूरदर्शिता की वजह से अपार सफलता हासिल हुई विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि पद्म विभूषण तथा ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश एम्पायर से सम्मानित किए गए रतन टाटा ग्रुप के चेयरमैन के पद पर रहते हुए टाटा ग्रुप को बुलंदियों तक पहुंचा। और इस मौके पर मनोज दुबे ,दीपक श्रीवास्तव, चंदन सिंह, मनीष पांडे, मनीष त्रिपाठी, आकांक्षा पांडे ,संजू पांडे, रुचि दुबे ,अपर्णा श्रीवास्तव आदि शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






# पूर्व मुख्यमंत्री का सपाइयों ने मनाया पुण्यतिथि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि किसानों नौजवानों महिलाओं आदिवासी अल्पसंख्यक के मसीहा श्रद्धेय नेताजी की पुण्यतिथि गुरुवार को जिला पार्टी कार्यालय पर मनाई गई । गोष्टी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि श्रद्धेय नेताजी एक ऐसे नेता थे जिन्हें देश-विदेश के लोग नेताजी के नाम से पुकारते थे । श्रद्धेय नेताजी ऐसे महान नेता थे उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में आदिवासियों किसानों शोषितों दलितो नौजवानों और हर समाज के लोगों को उनका हक दिलाने का काम किया और अपनी सरकार में जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनको गरीबी से उठाने का काम किया । श्रद्धेय नेता जी की देन है कि आज हर वर्ग के लोग राजनीति में भाग ले रहे हैं । गोष्टी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि श्रद्धेय नेताजी ऐसे नेता थे जो हर समाज को आगे करने का काम किया । उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज हर तपके के लोगों की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं ।श्रद्धेय नेताजी की पुण्यतिथि में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव संजय यादव अनिल प्रधान मोहम्मद सईद कुरैशी गीता गौर कुमारी मंदाकिनी पांडे कुमारी निधि पांडे अशोक पटेल वेदमानी शुक्ला रामप्यारे सिंह पटेल डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल रमाशंकर यादव सुरेश यादव त्रिपुरारी गौड़ बाबूलाल यादव परमेश्वर यादव अवध नारायण यादव बबलू धागर पवन पटेल सत्यम पांडे फारूक अली जिलानी कृपा शंकर चौहान परशुराम यादव सरदार पारब्रह्म सिंह कामरान खान जयप्रकाश संतोष पासवान शिवनारायण चौहान सनी पटेल राजेश विश्वकर्मा रामेश्वर भाई पटेल बुद्धि नारायण यादव विमलेश पटेल अमित जायसवाल श्रीवास्तव के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।



# स्पोर्ट्स



## रनों के अंतर से भारत की बांग्लादेश पर टी20 में सबसे बड़ी जीत, पहली बार सात गेंदबाजों को मिले विकेट


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह के शानदार अर्धशतकों से 20 ओवर में नौ विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी। भारत ने इसके साथ ही तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 86 रनों से हराया। भारत की रनों के अंतर से बांग्लादेश के खिलाफ टी20 में यह सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने बांग्लादेश को इस साल टी20 विश्व कप में 50 रनों से हराया था जो इस टीम के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह के शानदार अर्धशतकों से 20 ओवर में नौ विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी। भारत ने इसके साथ ही तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया था। भारत की ओर से बल्ले के बाद गेंद से नीतीश रेड्डी ने उम्दा प्रदर्शन किया और दो विकेट अपने नाम किए। वहीं, पिछले मैच में प्रभावित करने वाले स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी दो विकेट लिए। दिलचस्प बात यह रही कि भारत के हर गेंदबाज को विकेट मिला। नीतीश और वरुण



के अलावा अर्शदीप सिंह, वाशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा, मयंक यादव और रियान पराग के खाते में एक-एक विकेट आए। यह पहली बार हुआ जब किसी टी20 मुकाबले में भारत के सात गेंदबाजों को विकेट मिले। यह पहली बार था जब भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 200 रनों का आंकड़ा पार किया है। इससे पहले उसने इस टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन इस साल टी20 विश्व कप में बनाया था। उस समय भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट पर 196 रन बनाए थे। भारत का इस तरह यह बांग्लादेश के खिलाफ टी20 में बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। महमूदुल्लाह के अलावा बांग्लादेश के अन्य बल्लेबाज रहे फ्लाप लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की बल्लेबाजी काफी खराब रही और महमूदुल्लाह को छोड़कर अन्य कोई बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सका। बांग्लादेश ने नियमित रूप से विकेट गंवाए और उसके बल्लेबाज साझेदारी नहीं निभा सके जिसका उसे काफी नुकसान उठाना पड़ा। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन महमूदुल्लाह ने बनाए जो 39 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए।इससे पहले, बांग्लादेश ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत की, लेकिन तस्कीन अहमद ने सैमसन को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। पहले मैच में फ्लॉप रहने के बाद दूसरे में भी सैमसन का बल्ला नहीं बोला। इसके बाद अभिषेक शर्मा भी अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके और 15 रन बनाकर आउट हुए। पहले मैच में शानदार पारी खेलने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव से इस मैच में भी बड़ी पारी खेलने की उम्मीद थी, लेकिन वह आठ रन बनाकर पवेलियन लौटे। शुरुआती झटकों के बाद नीतीश और रिंकू ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 108 रनों की साझेदारी हुई। नीतीश को तंजिम की गेंद पर पांचवें ओवर में लिटन ने जीवनदान दिया। उस वक्त नीतीश पांच रन पर था। अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे नीतीश ने इस मौके का फायदा उठाया औ? करियर का पहला अर्धशतक जड़ा। नीतीश इसके साथ ही रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। नीतीश ने 21 साल 136 दिन की उम्र में टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक जड़ा और वह भारत के लिए खेल के सबसे छोटे प्रारूप में मेडन पचासा जड़ने वाले चौथे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। पचासा लगाने के बाद भी नीतीश ने आक्रामक बल्लेबाजी नहीं रोकी और लगातार शॉट खेलते रहे। नीतीश हालांकि, 34 गेंदों पर चार चौकों और सात छक्कों की मदद से 74 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश के आउट होने के बाद रिंकू सिंह ने भी अर्धशतक जड़ा, लेकिन वह 29 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रिंकू ने 26 गेंदों पर पचासा जड़ा जो उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का तीसरा अर्धशतक है। हार्दिक पंड्या ने ग्वालियर की तूफानी पारी का क्रम दिल्ली में भी जारी रखा। हार्दिक ने 19वें ओवर में चौका लगाकर भारत को 200 रन तक पहुंचाया। रियान पराग ने इसी ओवर में तंजिम पर लगातार दो छक्के लगाए। अगली गेंद पर वह छह गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गए। 20वें ओवर में रिशाद ने 19 गेंद में दो चौकों, दो छक्कों से 32 रन बनाने वाले हार्दिक को बाउंड्री पर कैच कराया।

## ब्रूक और रूट की शतकीय पारी, इंग्लैंड ने स्टंप तक बनाए 492/3, फिलहाल 64 रन पीछे


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट और हैरी ब्रूक के बीच चौथे विकेट के लिए हुई अब तक 243 रनों की साझेदारी के दम पर इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पहली पारी में बड़ा स्कोर खड़ा किया है। पाकिस्तान के 556 रन के जवाब में मेहमान टीम अब तक तीन विकेट पर 492 रन बना चुकी है।जो रूट और हैरी ब्रूक



की शतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने पहली पारी में तीन विकेट पर 492 रन बना लिए हैं। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक रूट 277 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 176 रन और ब्रूक 173 गेंदों पर 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 141 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाए थे। लेकिन इंग्लैंड ने भी बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान के लिए अब तक शाहीन अफरीदी, नसीम शाह और आमिर जमाल को एक-एक विकेट मिला है। जो रूट ने टेस्ट करियर का 35वां शतक जड़ा। उनका शानदार फॉर्म जारी है। वहीं, हैरी ब्रूक ने भी रूट का साथ दिया। रूट और ब्रूक के बीच अब तक चौथे विकेट के लिए 243 रनों की साझेदारी हो चुकी है। इंग्लैंड की टीम फिलहाल पाकिस्तान से 64 रन पीछे चल रही है। इससे पहले, इंग्लैंड की टीम ने बुधवार को एक विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरू किया। उसे दिन का पहला झटका जैक क्राउली के रूप में लगा। क्राउली को शाहीन अफरीदी ने आमिर जमाल के हाथों कैच कराया। उन्होंने 85 गेंद में 13 चौके की मदद से 78 रन की पारी खेली। उन्होंने रूट के साथ दूसरे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद बेन डकेट ने रूट के साथ 136 रन की साझेदारी की। डकेट शतक से चूक गए। वह 75 गेंद में 11 चौके की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। डकेट को जमाल ने अपना शिकार बनाया। वहीं, मंगलवार को कप्तान ओली पोप खाता खोले बिना नसीम शाह का शिकार बने थे। इससे पहले, पाकिस्तान की पहली पारी 556 रन पर खत्म हुई। इस टीम के लिए अब्दुल्लाह शफीक, कप्तान शान मसूद और अगा सलमान ने शतक जड़े। इंग्लैंड के लिए स्पिनर जैक लीच ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। अब्दुल्ला शफीक ने 184 गेंद में 10 चौके और दो छक्के की मदद से 102 रन की पारी खेली थी। वहीं, कप्तान शान मसूद ने 177 गेंद में 13 चौके और दो छक्के की मदद से 151 रन की पारी खेली थी। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 253 रन की साझेदारी हुई थी। सैम अयूब चार रन और बाबर आजम 30 रन बनाकर आउट हुए थे। पाकिस्तान टीम को पांचवां झटका नसीम शाह के रूप में लगा। उन्होंने 81 गेंद में 33 रन की पारी खेली। नसीम ने अपनी पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाए। उन्होंने शकील के साथ पांचवें विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी निभाई। नसीम के आउट होने के बाद मोहम्मद रिजवान खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। ब्राइडन कार्स ने नसीम को, जबकि जैक लीच ने रिजवान को आउट किया। इसके बाद अच्छी बल्लेबाजी कर सऊद शकील भी आउट हो गए। वह शतक से चूक गए। शकील ने 177 गेंद में आठ चौके की मदद से 82 रन की पारी खेली।इसके बाद आमिर जमाल सात रन बनाकर ब्राइडन कार्स का शिकार बने।

## रणजी ट्रॉफी में झारखंड की कमान संभालेंगे ईशान किशन, चार साल बाद करेंगे कप्तानी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ईशान ने ईरानी कप में शेष भारत के लिए खेलते हुए 38 रन बनाए थे। ध्रुव जुरेल के उस मैच में खेलने के कारण ईशान ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी नहीं संभाली थी। कुमार कुशाग्र के टीम में होने से माना जा रहा है कि ईशान रणजी ट्रॉफी में भी पूर्णकालिक बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन रणजी ट्रॉफी 2024-25 में झारखंड की कमान संभालते नजर आएंगे। ईशान ने रणजी ट्रॉफी का पिछला सीजन नहीं खेला था और अंतिम बार टीम की कमान 2018-19 सत्र में संभाली थी। पिछले सीजन टीम की कप्तानी करने वाले विराट सिंह को उपकप्तान बनाया गया है। ईशान ने हाल ही में ईरानी कप में भी हिस्सा लिया था। ईशान ने ईरानी कप में शेष भारत के लिए खेलते हुए 38 रन बनाए थे। ध्रुव जुरेल के उस मैच में खेलने के कारण ईशान ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी नहीं संभाली थी। कुमार कुशाग्र के टीम



में होने से माना जा रहा है कि ईशान रणजी ट्रॉफी में भी पूर्णकालिक बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। ईरानी कप से पहले ईशान ने दलीप ट्रॉफी में इंडिया सी टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह 2022 के बाद घरेलू क्रिकेट में खेले थे। पिछले महीने उन्होंने दलीप ट्रॉफी में भारत सी के लिए शतक जड़ा झारखंड एलीट ग्रुप डी में गुवाहाटी में असम के खिलाफ अपना रणजी ट्रॉफी अभियान शुरू करेगा। पिछले सत्र में झारखंड ग्रुप ए में नीचे से तीसरे स्थान पर रहा था। उसने अपने सात मैचों में से दो जीते, दो हारे और तीन ड्रॉ खेले थे।सिंह, सुप्रियो चक्रवर्ती, सौरभ शेखर, विकास कुमार, विवेकानंद तिवारी, मानीषी, रवि कुमार यादव और रौनक कुमार।

## टी20 में पहला अर्धशतक जड़ने वाले चौथे युवा भारतीय बने नीतीश, स्पिनरों के खिलाफ बनाए इतने रन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नीतीश और रिंकू ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 108 रनों की साझेदारी हुई। नीतीश हालांकि, 34 गेंदों पर चार चौकों और सात छक्कों की मदद से उबारा। नीतीश को पहले मैच में भी बल्लेबाजी का मौका मिला था, लेकिन सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने आक्रमक बल्लेबाजी कर मैच समाप्त कर दिया था। बांग्लादेश ने उस मैच में कम स्कोर बनाया था जिसे भारत ने आसानी से हासिल



से 74 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय बल्लेबाज नीतीश रेड्डी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में अर्धशतक जड़ा। ग्वालियर में रविवार को खेले गए पहले मुकाबले से टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने वाले नीतीश ने अपने दूसरे ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया। नीतीश ने रिंकू सिंह के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की और भारत को मुश्किल हालात कर लिया था। नीतीश हालांकि, दूसरे मैच में कप्तान के भरोसे पर खरा उतरे और उन्होंने उस समय शानदार प्रदर्शन किया जब टीम को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। नीतीश और रिंकू ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 108 रनों की साझेदारी हुई। नीतीश हालांकि, 34 गेंदों पर चार चौकों और सात छक्कों की मदद से 74 रन बनाकर आउट हुए।

## ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत की दूसरी जीत, सेमीफाइनल के लिए दावेदारी मजबूत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 172 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 90 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ टीम इंडिया ग्रुप ए की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में 82 रन से जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन किया और नेट रनरेट में सुधार कर लिया। अब टीम की नजर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पर है। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 172 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 90 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ टीम इंडिया ग्रुप ए की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में चार अंक हैं और नेट रनरेट +0.576 का हो गया है। वहीं, श्रीलंका तीन मैचों में अब तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। टीम को पहला झटका विश्मी गुनारत्ने के रूप में लगा जो खाता भी नहीं खोल सकीं। दूसरे ओवर में चामरी अट्टापट्टू भी पवेलियन लौट गईं। उन्हें श्रेयंका पाटिल ने अपना शिकार बनाया। पारी की शुरुआत से ही श्रीलंका की टीम एक लंबी साझेदारी के लिए जूझती दिखी। भारतीय गेंदबाजों के आगे उनका बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों के तरह बिखर गया। इस मैच में हर्षिता ने तीन, कविशा ने 21, अनुष्का ने 20, निलक्शइका ने आठ, कंचना ने 19, सुगंदिका ने एक, इनोशी ने एक, उदेशिका ने नौ और इनोका रानावीरा ने दोङ रन बनाए। भारत के लिए अरुंधति और आशा ने तीन-तीन विकेट चटकाए। वहीं, रेणुका को दो विकेट मिले जबकि श्रेयंका और दीप्ति को



एक-एक सफलता मिली। सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की मदद से भारत ने महिला टी20 विश्वकप में श्रीलंका के खिलाफ तीन विकेट पर 172 रन बनाए। यह भारत का इस विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर है। मंधाना ने अपने टी20 करिअर का 27वां अर्धशतक लगाया। उन्होंने 38 रन की पारी में चार चौके और एक छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली। वहीं, शेफाली ने 40 गेंदों में 43 रन बनाए जिसमें चार चौके लगाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 12.4 ओवर में 98 रन की साझेदारी निभाई। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 27 गेंदों में नाबाद 52 रन की पारी खेली और आठ चौके व एक छक्का लगाया। श्रीलंका के लिए अट्टापट्टू और एमा को एक-एक विकेट मिला। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मंधाना और शैफाली ने भारत को सधी अच्छी दिलाई। टीम ने पावरप्ले के शुरुआती छह ओवर में बिना किसी नुकसान के 41 रन बनाए। शैफाली के टी20 अंतरराष्ट्रीय में 2000 रन पूरे हो गए। वे ऐसा करने वाली पांचवीं भारतीय बन गई हैं। उनसे पहले स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत, मिताली राज और जेमिमा रोड्रिग्ज यह कारनामा कर चुकी हैं। मंधाना ने इस विश्वकप में भारत के लिए पहला छक्का लगाया। उन्होंने यह शॉट सातवें ओवर की आखिरी गेंद पर खेला। भारत का स्कोर 10 ओवर के बाद बिना विकेट खोए 78 रन था। मंधाना के 36 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगा कर अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत का 98 रन पर पहला विकेट गिरा। मंधान अपना अर्धशतक लगाने के बाद रन आउट हो गईं। हरमनप्रीत ने पारी के आखिरी ओवर में प्रभोधिनी की अंतिम दो गेंदों पर दो चौके लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे है तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## वह 39 की उम्र तक टेस्ट खेल सकते हैं स्टोक्स की नजर में सचिन का महारिकॉर्ड तोड़ सकते हैं जो रूट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**इंग्लैंड के नियमित टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि जो रूट क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकते हैं। रूट मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन टेस्ट में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ दिया।रूट ने मुल्तान में तीसरे दिन लंच तक कुक के 12,472 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने स्टोक्स का एक प्री-रिकॉर्डेड वीडियो जारी किया जिसमें वह रूट के बारे में बात कर रहे थे। वीडियो में स्टोक्स से पूछा गया था कि क्या रूट तेंदुलकर के 15921 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं? इस पर इंग्लैंड के कप्तान ने दावा किया कि रूट 39 साल की उम्र तक खेल सकते हैं और अगर



इसे पार नहीं कर सके तो कम से कम इस लैंडमार्क के करीब पहुंच सकते हैं स्टोक्स ने कहा, 'रूट 33 साल के हैं। उन्होंने लगातार 100 टेस्ट खेले हैं। मुझे नहीं पता कि वह कब तक खेलेंगे, लेकिन मेरे अंदाज से वह 37, 38 या 39 साल की उम्र तक आसानी से खेल सकते हैं। वह अब से लेकर आने वाले समय में सभी टेस्ट मैच खेलते हैं तो मुझे नहीं लगता कि क्यों नहीं वह सचिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकेंगे। वह इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि कम से कम उसके करीब तो पहुंच ही सकते हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से उन्हें इस रिकॉर्ड को तोड़ने का समर्थन करूंगा।' स्टोक्स ने कहा कि रूट की खासियत टीम के लिए उनकी निस्वार्थ क्षमता है। उन्होंने दावा किया कि किसी इंग्लिश बल्लेबाज को रूट का रिकॉर्ड तोड़ने में लंबा समय लगेगा। उन्होंने कहा, 'इतने रन बनाने के लिए आपको सोचना होगा। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए एक खिलाड़ी को थोड़ा स्वार्थी होना चाहिए। लेकिन रूट ने जो कुछ भी किया है, वह हमेशा टीम के बारे में रहा है। मुझे याद है कि कुछ साल पहले वह अपने अर्धशतक को शतक में बदलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। मैं अब उस पर ध्यान भी नहीं देना चाहता।' स्टोक्स ने कहा, 'मेरे नजरिये से मैं बस यह देखता हूं कि रूट ने कितने शतक बनाए और हमने कितने गेम जीते हैं।

# सम्पादकीय

## एक्ट ईस्ट को साकार करता भारत, बढ़ रही देश की साख

एक्ट ईस्ट के दस वर्षों के दौरान एशिया-प्रशांत हिंद-प्रशांत में तब्दील हुआ है और इस परिवर्तन के प्रति चीन के अलावा अधिकतर देश सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। अब हिंद-प्रशांत की अवधारणा को सफल बनाने के लिए भारत को अपनी हिंद-प्रशांत सागर पहल (आईपीओआई) और अन्य देशों के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोणों के बीच तालमेल बनाना होगा। भारत को अब यथार्थवाद और रणनीतिक सूझबूझ के सहारे आगे बढ़ना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए लाओस जा रहे हैं। वैसे तो प्रति वर्ष इन दोनों सम्मेलनों में प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति आम है, लेकिन इस साल भारत की एक्ट ईस्ट नीति यानी कि पूर्वी छोर को साधने की पहल के दस वर्ष पूरे होने के चलते यह पड़ाव विशेष मायने रखता है। वर्ष 2014 में मोदी सरकार ने 1992 से लागू लुक ईस्ट नीति को गतिशील और व्यापक बनाने के उद्देश्य से इसका नामांतरण एक्ट ईस्ट के रूप में किया। पिछले एक दशक के घटनाक्रम के आधार पर कहा जा सकता है कि यह कोई सतही बदलाव नहीं था। एक्ट ईस्ट के तहत भारत ने व्यापार, सैन्य और सांस्कृतिक कार्यक्षेत्रों में दक्षिण पूर्वी एशिया (आसियान के दस देशों), उत्तर पूर्वी एशिया (जापान, कोरिया और मंगोलिया) तथा ओशनिया (आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पैसिफिक द्वीपीय देश) के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाया है। इसी दौरान भारत ने अमेरिका के साथ अपनी सामरिक साझेदारी भी मजबूत की है, जिसका सीधा सरोकार पूर्वी एशिया के आर्थिक और भूराजनीतिक परिदृश्य से है। एक्ट ईस्ट के युग में भारत पूर्वी एशिया में गहरी पैठ बना चुका है। भारत कभी केवल दक्षिण एशियाई देश कहलाता था, लेकिन अब पूर्वी एशिया की नियति तय करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। जिस इलाके में कभी केवल चीन और अमेरिका ही प्रमुख और निर्णायक शक्ति माना जाता था, आज वहां भारत की साख बढ़ी है और वह आगे और भी ज्यादा प्रभावी होने वाली है। ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट नामक शोध संस्थान ने 2024 के एशिया शक्ति सूचकांक में अमेरिका और चीन के बाद भारत को सबसे शक्तिशाली देश का दर्जा दिया है। यह बात पूर्वी एशिया के विभिन्न देशों से छिपी नहीं है कि उनके क्षेत्र में संतुलन कायम करने के लिए भारत अहम खिलाड़ी है।

2004 में सिंगापुर के तत्कालीन प्रधानमंत्री गोह चोक टोंग ने कहा था कि आसियान अगर हवाई जहाज का ढांचा है तो चीन उसका एक पंख है और भारत दूसरा पंख और इन दोनों पंखों के बगैर उड़ान नहीं भरी जा सकती। आज एक्ट ईस्ट के अंतर्गत भारत-आसियान द्विपक्षीय कारोबार 2014 की तुलना में दोगुना होकर 131 अरब डालर के स्तर पर पहुंच गया है। आसियान ने भारत को सामरिक साझेदार से ऊपर व्यापक सामरिक साझेदार का भी दर्जा दिया है। हालांकि पूर्वी एशियाई देशों को उम्मीद थी कि 2022 में हुए क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी यानी आरसेप समझौते में भारत भी शामिल होगा और उससे उन्हें भारत के विशाल बाजार में अधिक अवसर मिलेंगे। लेकिन, आसियान देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा और उनके यहां चीन के भारी निवेश के कारण भारत ने उस समझौते से परहेज किया। दूसरी तरफ अमेरिका ने चीन से प्रतिस्पर्धा तेज करने के मकसद से 2022 में ही इंडो पैसिफिक आर्थिक ढांचा (आईपीईएफ) बनाया था, जिसमें भारत संस्थापक सदस्य बना। आरसेप को ठुकराने की क्षतिपूर्ति आईपीईएफ द्वारा करना भारतीय विदेश नीति के लिए चुनौती है। अमेरिका के साथ भारत की बढ़ती नजदीकी पूर्वी एशिया को परस्पर आर्थिक फायदे की स्थिति में लाने के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा में भी इजाफा करेगी। इस क्षेत्र में अमेरिका को अव्वल रक्षा सहभागी और चीन को प्राथमिक आर्थिक सहभागी माना गया है, पर चीन ने बीते दशक में विस्तारवादी व्यवहार और धमक से अपने से छोटे देशों को दहशत में डाल रखा है। आए दिन फिलीपींस, वियतनाम, इंडोनेशिया, ताइवान और जापान पर चीन क्षेत्रीय दावा करता है और सैन्य बल से उन पर हावी होने की चेष्टा करता है। ऐसे में भारत अकेले पूर्वी एशिया जैसे दूरस्थ एवं विस्तारित क्षेत्र में चीन का प्रतिरोध नहीं कर सकता। भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने क्वाड समूह को 2017 से पुनः सक्रिय किया है। क्वाड सैन्य गठबंधन नहीं है, लेकिन उसका लक्ष्य नियम और अंतरराष्ट्रीय विधि आधारित क्षेत्रीय व्यवस्था बनाना है। साफ शब्दों में क्वाड पूर्वी एशिया का चीन-केंद्रित होने के विरुद्ध खड़ा है। अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया के मध्य घोषित आकस गठबंधन और अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और फिलीपींस के मध्य स्क्वाड का भी भारत ने समर्थन किया है।

## इस्राइल ने लेबनान के नागरिक सुरक्षा केंद्र पर किया हवाई हमला, पांच स्वास्थ्य कर्मियों की मौत

दक्षिणी लेबनान में इस्राइल ने एक नागरिक सुरक्षा केंद्र पर हवाई हमला किया, जिसमें पांच स्वास्थ्य कर्मियों के मारे जाने की खबर है। दक्षिणी लेबनान के दर्दघया शहर में बुधवार को इस्राइल ने एक नागरिक सुरक्षा केंद्र पर हवाई हमला किया, जिसमें वहां तैनात पांच स्वास्थ्य कर्मियों की मौत हो



गई। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, टीमों द्वारा मलबे में जीवित बचे लोगों की तलाश की जा रही है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस्राइली हवाई हमले की पुष्टि की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि इस्राइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानदंडों और मानवीय सम्मेलनों की अवहेलना करते हुए आज रात बचाव और एंबुलेंस कर्मचारियों को फिर से निशाना बनाया है। हालांकि, इस्राइली सेना की ओर से इस मामले को लेकर तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल के रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान पर इस्राइली हमला 'घातक' और 'आश्चर्यजनक' होगा। हालांकि, उन्होंने कोई विवरण नहीं दिया। दूसरी तरफ, फलस्तीन ने बुधवार को कहा कि उत्तरी गाजा में बड़े पैमाने पर इस्राइली हमलों में दर्जनों लोग मारे गए और कई घायल हुए हैं। जबालिया में भीषण लड़ाई जारी है। इस्राइली सेना ने हिजबुल्ला ठिकानों पर सैकड़ों मिसाइलें दागने के बाद कहा, लेबनान में किए इस हमले में 50 लड़ाके मारे गए हैं। उसने कहा, इस भीषण जंग में हिजबुल्ला के 6 शीर्ष कमांडर भी ढेर हो गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, युद्ध में फलस्तीनी मृतक संख्या 42,000 पार हो गई है। उसने बताया, मृतकों में आधे से अधिक महिलाएं व बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि युद्ध की शुरुआत से अब तक 42,010 फलस्तीनी मारे गए हैं और 97,720 घायल हुए हैं। यह लड़ाई हमास द्वारा सात अक्तूबर, 2023 को इस्राइल पर किए गए हमले के बाद शुरू हुई थी।

# सादगी और दरियादिली थी रतन टाटा की पहचान; १० बिंदुओं में जानें सबसे चहेते उद्योगपति के बारे में

भारत के सबसे सफल व्यवसायियों में से एक होने के साथ-साथ वह अपनी परोपकारी गतिविधियों के लिए भी जाने जाते थे। परोपकार में उनकी व्यक्तिगत

टाटा पांच दशक से भी अधिक समय से इस पद पर थे। रतन टाटा दो दशक से अधिक समय तक समूह की मुख्य होल्डिंग कंपनी 'टाटा संस' के चेयरमैन रहे। इस

अपने समय से आगे के व्यक्ति थे। उन्होंने टाटा समूह का पूरी दुनिया में विस्तार किया।रतन टाटा के निधन पर मशहूर उद्योगपति हर्ष गोयनका ने कहा कि 'यह भारत के लिए

प्रस्ताव पेश कर केंद्र सरकार से सिफारिश की है।रतन टाटा के निधन पर कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 'मुझे भारत के सच्चे 'रत्न' को जानने का सौभाग्य मिला है, मैंने उनके साथ काम किया है, मैंने उन्हें करीब से देखा है और मैं आपको बता सकता हूं कि यह देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। यह पूरे समूह के लिए एक असहनीय

क्षेत्र को उन्होंने छुआ, उन्होंने कभी भी जोखिम लेने और उसे पूर्णता तक ले जाने में संकोच नहीं किया। उन्होंने टाटा को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर एक जाना माना नाम बनाकर भारत को गौरवान्वित किया है। मैं उन्हें बहुत याद करूंगा।'रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी रतन टाटा के अंतिम दर्शनों के लिए एनसीपीए ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि

भारत के सच्चे सपूत और एक अद्भुत व्यक्ति थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।' रतन टाटा का जाना करोड़ों लोगों को दुखी कर गया है और जो लोग उनसे मिले या उनसे जुड़े रहे, वे भावुक हैं। ऐसे ही लोगों में शुमार सुहेल सेठ रतन टाटा को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि 'रतन टाटा को उनकी विनम्रता, परोपकार और दयालुता के लिए







भागीदारी बहुत पहले ही शुरू हो गई थी टाटा समूह के मानद चेयरमैन और दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा ने बुधवार देर दुनिया को अलविदा कह दिया। 86 वर्ष की उम्र में उनका निधन मुंबई के एक अस्पताल में हुआ। पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा का निधन दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में रात साढ़े 11 बजे हुआ। रतन टाटा दुनिया के सबसे प्रभावशाली उद्योगपतियों में से एक थे। इसके बावजूद वे कभी अरबपतियों की किसी सूची में नजर नहीं आए। उनके पास 30 से ज्यादा कंपनियां थीं। यह कंपनियां छह महाद्वीपों के 100 से अधिक देशों में फैली थीं। इसके बावजूद वह एक सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। रतन नवल टाटा जमशेदजी टाटा के परपोते थे, जिन्होंने टाटा समूह की स्थापना की थी। उनका जन्म 28 दिसंबर, 1937 को मुंबई में नवल टाटा और सूनी टाटा के घर हुआ था। 1948 में उनके माता-पिता के अलग हो जाने के बाद उनका पालन-पोषण उनकी दादी नवाजबाई टाटा ने किया। चार मौकों पर शादी के करीब आने के बावजूद रतन टाटा ने कभी शादी नहीं की। उन्होंने एक बार स्वीकार किया था कि लॉस एंजिल्स में काम करने के दौरान उन्हें प्यार हो गया था, लेकिन 1962 के भारत-चीन युद्ध के कारण लड़की के माता-पिता ने उसे भारत आने से देने से मना कर दिया। सरल व्यक्तितत्व के धनी टाटा एक कॉरपोरेट दिग्गज थे, जिन्होंने अपनी शालीनता और ईमानदारी के बूते एक अलग तरह की छवि बनाई थी। रतन टाटा 1962 में कॉर्नेल विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क से वास्तुकला में बीएस

दौरान समूह ने तेजी से विस्तार करते हुए वर्ष 2000 में लंदन स्थित टेटली टी को 43.13 करोड़ अमेरिकी डॉलर में खरीदा। टाटा ने 2004 में दक्षिण कोरिया की देवू मोटर्स के ट्रक-निर्माण परिचालन को 10.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर में खरीदा। टाटा ने एंग्लो-डच स्टील निर्माता कोरस समूह को 11 अरब अमेरिकी डॉलर में खरीदा। टाटा ने फोर्ड मोटर कंपनी से मशहूर ब्रिटिश कार ब्रांड जगुआर और लैंड रोवर को 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर में खरीदा। 2009 में रतन ने दुनिया की सबसे सस्ती कार को मध्यम वर्ग तक पहुंचाने का अपना वादा पूरा किया।भारत के सबसे सफल व्यवसायियों में से एक होने के साथ-साथ वह अपनी परोपकारी गतिविधियों के लिए भी जाने जाते थे। परोपकार में उनकी व्यक्तिगत भागीदारी बहुत पहले ही शुरू हो गई थी। वर्ष 1970 के दशक में उन्होंने आगा खान अस्पताल और मेडिकल कॉलेज परियोजना की शुरुआत की, जिसने भारत के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक की नींव रखी। दरियादिली के मामले में भी रतन टाटा का कोई सानी नहीं रहा। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने पीएम केयर्स फंड में 500 करोड़ की बड़ी राशि दान की थी।रतन टाटा के निधन पर देशभर में शोक की लहर है। उन्होंने 86 साल की आयु में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। टाटा के निधन पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने समूह की तरफ से संदेश जारी किया। चंद्रशेखरन ने पद्मविभूषण रतन टाटा योगदान को अतुल्य बताया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि टाटा का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।रतन टाटा के

बड़ा नुकसान है। हम सब अकेला महसूस कर रहे हैं। वह ऐसे निशान और आदर्श छोड़कर गए हैं, जिनका हम पालन करेंगे। उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए, उनसे ज्यादा योग्य व्यक्ति इस सम्मान के लिए कोई और नहीं हैं।'महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में गुरुवार को महान उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही कैबिनेट में रतन टाटा को भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने का भी

और अविश्वसनीय क्षति है और सबसे बढ़कर रतन टाटा दिग्गज व्यवसायी के साथ ही एक बहुत ही अच्छे इंसान थे। उन्होंने जीवन को अपनी शर्तों पर जिया। उन्होंने कभी भी आवश्यक चीजों से समझौता नहीं किया और जिस भी

'रतन टाटा एक दूरदर्शी उद्योगपति थे और उनका कारोबारी प्रशासन में नैतिकता पर बड़ा जोर था। मुझे लगता है कि जब भी भारत का आर्थिक इतिहास लिखा जाएगा तो उसमें रतन टाटा की उपलब्धियों का जरूर जिक्र किया जाएगा। वह

याद रखा जाएगा। वह करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा थे, जिन्होंने साहस के साथ जिंदगी जी और देश के लिए उनका प्यार बहुत ज्यादा था। मुझे नहीं लगता कि देश में कोई और रतन टाटा होगा। वह एक अलग तरह के इंसान



की डिग्री प्राप्त करने के बाद पारिवारिक कंपनी में शामिल हो गए। उन्होंने शुरुआत में एक कंपनी में काम किया और टाटा समूह के कई व्यवसायों में अनुभव प्राप्त किया। इसके बाद 1971 में उन्हें समूह की एक फर्म 'नेशनल रेडियो एंड इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी' का प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया। एक दशक बाद वह टाटा इंडस्ट्रीज के चेयरमैन बने। 1868 में कपड़ा और व्यापारिक छोटी फर्म के रूप में शुरुआत करने वाले टाटा समूह ने शीघ्र ही खुद को एक वैश्विक महाशक्ति में बदल दिया। देखते ही देखते समूह नमक से लेकर इस्पात, कार से लेकर सॉफ्टवेयर, बिजली संयंत्र और एयरलाइन तक फैला गया। 1991 में अपने चाचा जेआरडी टाटा से टाटा समूह के चेयरमैन का पदभार संभाला। जेआरडी

निधन को देश के लिए बड़ी क्षति बताते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 'मैं उनसे पहली बार तब मिला था जब मैं सरकार में एक तरह से मध्यम स्तर का अधिकारी था। उस समय, हमने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सीईओ फोरम की शुरुआत की थी। वह स्वाभाविक रूप से पहली पसंद थे जो इसका नेतृत्व करने वाले थे। इसलिए उन वर्षों में हम एक साथ मिलकर काम किया, साथ में अमेरिका की यात्रा पर साथ रहे। वह वास्तव में एक उल्लेखनीय व्यक्ति थे। मुझे लगता है कि अगर आप आज की भावनाओं, स्नेह, सम्मान को देखें, तो मुझे उद्योग जगत में ऐसा कोई व्यक्ति याद नहीं आता जिसने बहुत व्यापक वर्ग के लोगों में इस तरह की भावना पैदा की हो। मेरा मतलब है, इसे वास्तव में राष्ट्रीय क्षति कहा जाएगा। वह

## रतन टाटा को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की मांग; महाराष्ट्र सरकार ने की सिफारिश

इससे पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिग्गज उद्योगपति को श्रद्धांजलि दी गई। रतन टाटा का बुधवार रात को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया।

में दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को भारत रत्न से सम्मानित करने की सिफारिश केंद्र सरकार से करने की मांग की गई है। दरअसल, आज एक बैठक में महाराष्ट्र कैबिनेट ने उद्योगपति रतन टाटा का नाम भारत

को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान एक शोक प्रस्ताव पारित किया गया। मंत्रिमंडल ने केंद्र से दिवंगत उद्योगपति को



मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान एक शोक प्रस्ताव पारित किया गया। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने दिवंगत रतन टाटा को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की मांग को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया है। प्रस्ताव

रत्न पुरस्कार के लिए प्रस्तावित करने का फैसला किया है। महाराष्ट्र कैबिनेट ने आज एक शोक प्रस्ताव भी पारित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिग्गज उद्योगपति को श्रद्धांजलि दी गई। रतन टाटा का बुधवार रात

'भारत रत्न' से सम्मानित करने का अनुरोध करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया। टाटा को देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया जा चुका है।प्रस्ताव में कहा गया कि उद्यमिता समाज के विकास के लिए एक प्रभावी तरीका है और नए

उद्योग-धंधे स्थापित करके देश को प्रगति और विकास के पथ पर ले जाया जा सकता है। इसके लिए देशप्रेम और समाज के उत्थान के लिए ईमानदार भावना की भी जरूरत होती है। हमने एक दूरदर्शी नेता को खो दिया, जो देश और समाज के लिए प्रतिबद्ध थे। उद्योग के क्षेत्र में और समाज के उत्थान में टाटा की भूमिका अद्वितीय थी। उन्होंने उच्च नैतिकता, पारदर्शिता और अनुशासन के साथ स्वच्छ व्यवसाय प्रबंधन का पालन करते हुए सभी चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने वैश्विक मंच पर टाटा समूह और देश के लिए एक अलग पहचान बनाई। प्रस्ताव के मुताबिक, रतन टाटा को 26/11 के आतंकी हमलों के बाद उनके दृढ़ संकल्प और कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में 1,500 करोड़ रुपये के योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कोरोना वायरस से ग्रसित रोगियों के लिए टाटा समूह के सभी होटल खोल दिए थे। मंत्रिमंडल महाराष्ट्र के लोगों की ओर से टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। हम दुख की इस घड़ी में टाटा समूह के साथ हैं।

थे। वह भारत पर एक छाप छोड़कर गए हैं, उनका हर भारतीय के जीवन पर प्रभाव है।' सुहेल सेठ ने भावुक होते हुए कहा कि 'रतन टाटा के निधन से सभी लोग दुखी हैं और उन्होंने हर भारतीय के जीवन पर असर डाला। वह एक अलग तरह के इंसान थे। मैं उन्हें एक ऐसे इंसान के तौर पर याद करता हूं, जो बेहद मर्यादित और दयालु इंसान थे।' रतन टाटा के निधन से देश में दुख की लहर है। विभिन्न गणमान्य लोगों ने रतन टाटा के निधन पर दुख जताया और इसे देश के लिए बड़ी क्षति बताया। रतन टाटा के करीबी रहे सुहेल सेठ ने रतन टाटा के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि देश में कोई और रतन टाटा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति पर रतन टाटा का प्रभाव है। सुहेल सेठ ने भावुक होते हुए कहा कि 'रतन टाटा के निधन से सभी लोग दुखी हैं और उन्होंने हर भारतीय के जीवन पर असर डाला। वह एक अलग तरह के इंसान थे। मैं उन्हें एक ऐसे इंसान के तौर पर याद करता हूं, जो बेहद मर्यादित और दयालु इंसान थे। वह

प्रेरणास्त्रोत थे। वह एक ऐसे इंसान थे, जिन्होंने पूरे साहस से अपना जीवन जीया और उन्हें देश से बेहद प्यार था। मुझे नहीं लगता कोई और रतन टाटा हो पाएगा।'सुहेल सेठ ने कहा कि 'रतन टाटा ने न सिर्फ बतौर उद्योगपति सफलता की ऊंचाईयों को छुआ, बल्कि बतौर इंसान भी वह लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। वह एक महान चरित्र छोड़कर गए हैं, जिसका लोग पालन करेंगे। उनका प्रभाव हर भारतीय पर है। सुहेल सेठ ने याद करते हुए कहा कि रतन टाटा ने ये सुनिश्चित किया कि हर इंसान के साथ मर्यादित व्यवहार हो फिर चाहे उनकी कोई भी बैकग्राउंड या क्षमता हो। उन्होंने कभी भी किसी इंसान को अपने से कमतर नहीं आंका। जब मुंबई पर हमला हुआ तो उस हमले में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के लिए रतन टाटा दुखी थे। वह सच्चे देशभक्त थे।' रतन टाटा को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की मांग उठ रही है। सुहेल सेठ ने भी रतन टाटा को भारत रत्न देने की मांग की। गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार ने भी रतन

टाटा को भारत रत्न देने की सिफारिश की है। मशहूर उद्योगपति हर्ष गोयनका ने भी कहा कि रतन टाटा को भारत रत्न मिलना चाहिए, उनसे ज्यादा योग्य व्यक्ति इस सम्मान के लिए पूरी दुनिया में कोई और नहीं हैं। 86 वर्ष की उम्र में रतन टाटा का बुधवार रात को निधन हो गया। रतन टाटा अपने पीछे एक महान विरासत छोड़कर गए हैं। पूरे देश में रतन टाटा के निधन से दुख की लहर है। रतन टाटा के करीबी सहयोगी रहे शांतनु नायडू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर दिग्गज उद्योगपति के निधन पर दुख साझा किया है। 86 वर्ष की उम्र में रतन टाटा का बुधवार रात को निधन हो गया। रतन टाटा अपने पीछे एक महान विरासत छोड़कर गए हैं। पूरे देश में रतन टाटा के निधन से दुख की लहर है। रतन टाटा के निधन पर शांतनु नायडू ने सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि 'इस दोस्ती ने मेरे अंदर जो खालीपन पैदा कर दिया है, मैं अपनी बाकी की जिंदगी उसे भरने में लगा दूंगा।

दुख ही प्यार की कीमत है। अलविदा, मेरे प्यारे प्रकाशस्तंभ।'शांतनु नायडू और रतन टाटा की दोस्ती साल 2014 में शुरू हुई। दरअसल रतन टाटा जानवरों के प्रति अपने प्रेम के लिए जाने जाते हैं। शांतनु नायडू भी बेसहारा जानवरों के कल्याण के लिए काम करते हैं और उन्होंने बेसहारा कुत्तों को हादसों से बचाने के लिए खास कॉलर का ईजाद किया था। इसके बाद ही शांतनु नायडू और रतन टाटा की मुलाकात हुई। रतन टाटा ने ही शांतनु नायडू को उनके साथ काम करने का ऑफर दिया, जिसे शांतनु ने स्वीकार कर लिया। शांतनु नायडू के अक्सर रतन टाटा के साथ देखा जाता था। महाराष्ट्र के पुणे में जन्मे शांतनु नारायण टाटा ट्रस्ट में डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर भी हैं और रतन टाटा के साथ दिखने की वजह से अक्सर चर्चा में रहते हैं। शांतनु नायडू का परिवार भी टाटा समूह के साथ काम करता है।

# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)

FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking




Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)



- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

Ms. Riya Arora (Counsellor)



- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


# सीएम योगी ने दी सीख, 'संघर्षों से राह बनाएं युवा, सफलता कदम चूमेगी' प्रदेश बन रहा रोजगार का हब

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गोरखपुर।** सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण हमारे युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएं, सफलता कदम चूमेगी।सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान,




विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है।यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। आवश्यकता है खुद को वैश्विक स्तर के अनुरूप खुद को तैयार करने की। हमें अभिभावकों की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरना है। इसके लिए छात्र और शिक्षक कदम से कदम मिलाकर चलें। नेशनल-इंटरनेशनल जर्नल्स का नियमित अध्ययन करें और खुद को ई-लाइब्रेरी की तरफ अग्रसर करें।उन्होंने कहा कि हमें ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश रोजगार का बड़ा हब बन रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश आज के तकनीकी दौर की महत्वपूर्ण जरूरत सेमी कंडक्टर का हब बनने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। इसमें सीधे निवेश के साथ कई गुना चक्रीय निवेश भी हो रहा है। इसके अनुरूप प्रशिक्षित श्रम उपलब्ध कराने के लिए आगे आने की जिम्मेदारी तकनीकी संस्थाओं की है सीएम योगी ने कहा कि कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनियाभर में विख्यात सिलिकॉन वैली में भारत का दबदबा है और इसमें उत्तर प्रदेश के युवाओं की बड़ी हिस्सेदारी है। सिलिकॉन वैली, हैदराबाद और बेंगलुरु के बाद उत्तर प्रदेश को भी इस दिशामें तीव्रतम गति से आगे बढ़ना है। इसी लक्ष्य को लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में स्थापित हो रहा है। विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पूर्वी उत्तर प्रदेश के पंद्रह अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया किएमपीआईटी परिसर के अलग-अलग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, समेत कई एकीकृत पाठ्यक्रम भी संचालित होंगे। ग्लोबल स्टैंडर्ड के पाठ्यक्रम से जुड़कर विद्यार्थी यहां प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स, माइनर डिग्री कोर्स और एडवांस कोर्स के जरिये खुद को संबंधित उद्योग-सेवा के क्षेत्र के अनुरूप तैयार कर सकेंगे।संवाद कार्यक्रम में सीएम योगी ने फैकल्टी का आह्वान किया कि वे ग्लोबल मार्केट की डिमांड का अध्ययन करें और उसके अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करें। हमारा जोर मॉडर्न एज कोर्सेज पर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि टाटा कंसल्टेंसी इस पर खासा काम कर रही है।

# सिपाही के पक्ष में गोरक्षवासी सड़कों पर, कोर्ट ने मांगी पुलिस से रिपोर्ट- जमकर प्रदर्शन भी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गोरखपुर।** सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भानू पांडेय ने बताया कि डॉक्टर पर केस दर्ज करने के लिए कोर्ट ने कैंट थाने से इस केस की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही 14 अक्तूबर को सिपाही की जमानत अर्जी पर सुनवाई होनी है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ, सिपाही के साथ है। जब तक डॉक्टर पर केस दर्ज नहीं हो जाता, हमारा प्रयास जारी रहेगा। डॉक्टर-सिपाही मारपीट प्रकरण कोर्ट पहुंच गया है। सिपाही से मारपीट के मामले में डॉ. अनुज सरकारी पर केस दर्ज कराने के लिए अधिवक्ताओं ने बुधवार को कोर्ट में बीएनएस 175 (3) के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजीएम) के यहां प्रार्थना पत्र दिया है। अधिवक्ता ऋषिकेश पांडेय ने यह अर्जी डाली है। साथ ही सिपाही पंकज कुमार के जमानत की भी अर्जी दी है।सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भानू पांडेय ने बताया कि डॉक्टर पर केस दर्ज करने के लिए कोर्ट ने कैंट थाने से इस केस की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही 14 अक्तूबर को सिपाही की जमानत अर्जी पर सुनवाई होनी है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ, सिपाही के साथ है। जब तक डॉक्टर पर केस दर्ज नहीं हो जाता, हमारा प्रयास जारी रहेगा।उधर, एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बुधवार को राम सिंह, राधेश्याम सिंह, ओम नारायण पांडे, विश्वजीत त्रिपाठी पार्षद, धर्मेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य लोग मंडलीय कारागार गोरखपुर में बंद पुलिस कांस्टेबल पंकज कुमार से मिले। वहां सिपाही से घटनाक्रम के बारे में जाना। उन्होंने सिपाही और उसकी पत्नी की ओर से दी गई दोनों तहरीर पर डॉ. अनुज सरकारी पर केस दर्ज करने की मांग की। बुधवार दोपहर करीब एक बजे कांग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी के पास पहुंचा। उन्होंने एसएसपी को पत्र देते हुए सिपाही को न्याय और डॉ. अनुज सरकारी व उनके बाउंसरों पर केस दर्ज करने की मांग की। विश्वविद्यालय के छात्र नेता प्रतीक तिवारी ने एसपी सिटी को पत्र देकर सिपाही को न्याय दिलाने की मांग की।



# बॉलीवुड/टेली मसाला




## आमिर खान ने केबीसी में पूछा अमिताभ बच्चन से ऐसा सवाल, 'बिग बी' की हो गई बोलती बंद


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केबीसी 16 के एपिसोड में बिग बी के साथ जल्द आमिर खान और उनके बेटे जुनैद खान नजर आने वाले हैं। इस एपिसोड के नए प्रोमो में आमिर खान बिग बी से एक सवाल करते नजर आ रहे हैं, जिसका जवाब देने से पहले ही बिग बी की बोलती बंद हो गई। आइए आपको बताते हैं क्या था वो सवाल। केबीसी 16 के एपिसोड में अभिनेता आमिर खान आने वाले हैं। इस एपसोड के कई प्रोमो वीडियो सामने आ चुके हैं। इसके साथ ही अब आमिर खान और बिग बी के मस्ती मजाके से भरे एक प्रोमो वीडियो को रिलीज किया गया है। इसमें आमिर खान अमिताभ बच्चन से हंसी मजाक करते नजर आ रहे हैं। आमिर खान ने कहा, आप अपने काम से फ्री होकर, खाली समय में क्या करते थे। इसके बाद आप क्या करते थे। आमिर खान के इस सवाल पर अमिताभ बच्चन ने कहा, हां, हां, हां...। इस पर आमिर जोर से हंसने लगे और उन्होंने कहा कि हमने सुना है कि आप काफी क्लब्स में घूमते थे। वीडियो में जुनैद खान अमिताभ से मासूमियत से पूछते हैं, ठसर, आप अपनी शादी में नर्वस थे या एक्साइटेड?ठ अमिताभ बच्चन ने इस सवाल पर हैरानी भरी प्रतिक्रिया दी। वह कुछ कह पाते तभी आमिर ने बीच में ही जुनैद को मजाकिया अंदाज में टोक दिया। उन्होंने कहा, 'ऐसे सवाल नहीं पूछे जाते। कुछ भी पूछता है...'। केबीसी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर शो का प्रोमो शेयर किया है। इस प्रोमो वीडियो में आमिर खान अमिताभ बच्चन से पूछते हैं, 'मेरे पास आपके लिए




एक सवाल है। आपको आपकी शादी की तारीख याद है?' इस पर अमिताभ बच्चन ने जवाब दिया, 'तीन जून 1973'। इस पर आमिर खान ने जवाब दिया, कोई सबूत तो दीजिए'। अमिताभ बच्चन की शादी के कार्ड की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। इस फोटो में लिखा है, 'जब ते राम ब्याहि घर आए, नित नव मंगल मोद बधाए'। इस कार्ड में लिखा है, हमारे सुपुत्र अमिताभ और श्रीमती और श्री तरुण कुमार भादुड़ी की सुपुत्री जया का शुभ-विवाह रविवार दिनांक 3 जून 1973 को मुंबई में सम्पन्न हुआ'।

## नेटफ्लिक्स थ्रिलर सीटीआरएल के रोल के लिए कजिन बहन अलाना से प्रभावित हुईं अनन्या, बोलीं- हर व्लॉग


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी फिल्म ण्ऊँथ् को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे ने कहा कि इस फिल्म के रोल के लिए वह अपनी चचेरी बहन अलाना पांडे और उनके पति इवोर हैं प्रभावित हुई हैं। क्योंकि वह इस तरह के व्लॉग बनाते रहते हैं। अनन्या पांडे इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ण्ऊँथ् को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया का आनंद ले रही हैं। विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित, स्क्रीनलाइफ थ्रिलर फिल्म एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के जीवन को दर्शाती है, जो एक ऐसे एप्लिकेशन के जाल में फंस जाती है, जो उसके जीवन को कंट्रोल करने की कोशिश करता है। फिल्म और अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अनन्या ने कहा कि उन्होंने अपने किरदार के लिए अपनी चचेरी बहन अलाना पांडे और उनके पति इवोर से प्रेरणा मिली है। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान अनन्या ने बताया कि उनकी चचेरी बहन अलाना पांडे और उनके पति इवोर अपने जीवन में होने वाली हर चीज के बारे में व्लॉग बनाते हैं। इसलिए, उन्हें लगा कि ण्ऊँथ् में उनके किरदार नैला अवस्थी को निभाने के लिए प्रेरणा पाने के लिए वे बिल्कुल सही इंसान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी अलाना और उनके पति कपल ब्लॉगर हैं। अनन्या ने आगे कहा , ठ(अलाना पांडे और उनके पति इवोर) वे हर चीज के बारे में व्लॉग बनाते हैं, जब वे मिले, उनकी शादी, अलावा की प्रेगनेंसी और यहां तक कि उनके बच्चे के साथ उनका सफर सबकुछ उन्होंने अपने भ्दल्ऊलं चैनल पर कवर किया है। बात करें काम की तो अलाना पांडे निर्माता-निर्देशक करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित रियलिटी टीवी सीरीज़, द ट्राइब का हिस्सा हैं। इसमें अलाविया जाफरी, सृष्टि पोरी, आर्यना गांधी और हार्दिक जवेरी भी हैं। कुछ ही दिन पहले अनन्या ने अपनी

नेटफ्लिक्स फिल्म ण्ऊँथ् के सेट से कई अनदेखी तस्वीरें साझा कीं और प्रशंसकों से मिले रहे प्यार और प्रशंसा के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, ठनेला और ण्ऊँथ् को मिल रहे सभी प्यार और प्रशंसा के लिए आभारी हूं। मैं सब कुछ पढ़ती हूं और बहुत मुस्कुराती हूं। आप जानते हैं कि मैं कैसा महसूस करती हूं.. मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं और मैं आपको कभी भी इस प्यार के लिए भरपूर धन्यवाद नहीं दे सकती। यह एक याद की तरह है और मेरी सबसे बड़ी सीखों में से एक है।'' आगे अनन्या ने कहा, ''यह सब सबसे फिल्म की टीम, कलाकारों और क्रू के बिना संभव नहीं होता।

## देवरा 2 में रणवीर कपूर' और रणवीर सिंह को देखना चाहते हैं निर्देशक, जूनियर एनटीआर का कटा पत्ता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा' सिनेमाघरों

में दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर दमदार कमाई भी की थी, साथ ही समीक्षकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया भी मिली, लेकिन अब दर्शकों के सिर से 'देवरा' का क्रेज उतरता नजर आ रहा है। हालांकि, फिल्म अभी दुनिया भर में 500 करोड़ रुपये की कमाई के करीब पहुंच रही है। अब 'देवरा' के निर्देशक ने कहा है कि फिल्म के सीक्वल में रणवीर सिंह या रणबीर कपूर को देखना पसंद करेंगे। कोरटाला शिवा और उनकी टीम ने एक्शन फिल्म की अगली कड़ी 'देवराः पार्ट 2' के बारे में चर्चा शुरू कर दी है। इस खबर ने जूनियर एनटीआर के फैंस को काफी उत्साहित कर दिया है। निर्देशक सीक्वल के लिए काफी बड़ी तैयारी कर रहे हैं और इंडस्ट्री के कुछ चर्चित नामों पर चर्चा कर रहे हैं। यही नहीं, खबर यह भी है कि 'देवरा 2' में इंडस्ट्री के कई बड़े सितारे स्क्रीन पर एक साथ नजर आएंगे। शिव ने जूम के साथ एक साक्षात्कार में बताया, ठसच कहूं तो, मैं देवरा की दुनिया में रणवीर सिंह या रणबीर कपूर को देखना पसंद करूंगा। मैं तेलुगु या तमिल इंडस्ट्री से बहुत सारे नाम नहीं लूंगा। अगर मैं कुछ नामों का खुलासा करूंगा तो बहुत सारी धारणाएं और अटकलें लगाई जाएंगी।'''देवरा' 27 सितंबर को स्क्रीन पर रिलीज हुई। फिल्म ने विश्व स्तर पर 466 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म को दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। जूनियर एनटीआर ने भी फिल्म के खराब प्रदर्शन के लिए दर्शकों को ही जिम्मेदार ठहराया है।फिल्म 'देवरा' से जूनियर एनटीआर ने दो साल के बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है। इससे पहले आई उनकी फिल्म आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म के बाद से ही फैंस को अपने पसंदीदा अभिनेता को रुपहले पर्दे पर देखने की उत्सकुता थी।

## हनुमान' के बाद परदे पर 'महाकाली' की कहानी दिखाएंगे प्रशांत, नवरात्रि में किया नई फिल्म का एलान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**निर्देशक प्रशांत वर्मा इस साल फिल्म 'हनुमान' लेकर दर्शकों



के बीच आए, जो खूब पसंद की गई। इसके बाद वे अपनी फिल्म 'जय हनुमान' का एलान पहले ही कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने महिला प्रधान सुपहीरो फिल्म लाने का संकेत दिया। प्रशांत वर्मा ने सबसे पहले अमर उजाला के साथ साक्षात्कार में अपनी इस फिल्म को लेकर संकेत दिए थे। आज उन्होंने उस फिल्म का एलान कर दिया है। प्रशांत की अगली फिल्म का नाम है 'महाकाली'। नवरात्रि के अवसर पर निर्देशक ने दर्शकों को तोहफा दिया है।प्रशांत वर्मा ने दो दिन पहले ही इस फिल्म के एलान की जानकारी साझा कर दी थी और आज की तारीख तय की थी। उन्होंने आज 10 बजकर 10 मिनट पर फिल्म के नाम से पर्दा उठा दिया है। निर्देशक ने रोंगटे खड़े कर देने वाला टीजर वीडियो जारी किया है। इसके साथ लिखा है, 'यूनिवर्स में एक और पावरफुल फोर्स शामिल हो रही है। 'महाकाली' का नव उदय पेश करने जा रहे हैं। महाकाली- देवी काली का एक अवतार, जो बुराई का सबसे भयंकर संहारक हैं।

## जैसे ही मिली रतन टाटा के निधन की खबर, दिलजीत दोसांझ ने बीच में ही रोक दिया कॉन्सर्ट


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ ने रतन टाटा को स्टेज से ही श्रद्धांजलि दी। दिलजीत को जैसे ही रतन टाटा



के निधन का पता चला तो उन्होंने बीच में ही कॉन्सर्ट रोक दिया। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ ने कॉन्सर्ट के दौरान रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी है। रतन टाटा का 9 अक्तूबर को निधन हो गया। अपने एक समारोह में परफॉर्म करने के दौरान दिलजीत को जैसे ही इस दुखद समाचार का पता लगा, उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस देना बंद कर दिया। दिलजीत ने कहा कि उन्हें कभी रतन टाटा से मिलने का मौका नहीं मिला, लेकिन वे मानते हैं कि दोनों के बीच कुछ शानदार प्रभाव हो सकते हैं। दिलजीत दोसांझ ने अपने कॉन्सर्ट को बीच में रोककर कहा, 'आप सभी रतन टाटा के बारे में जानते हैं। उनका निधन हो गया है। यह मेरी तरफ से उन्हें छोटी सी श्रद्धांजलि है। आज मुझे लगता है कि उनका नाम लेना बहुत जरूरी है क्योंकि उन्होंने जीवन में हमेशा कड़ी मेहनत की है। मैंने उनके बारे में जो कुछ भी सुना और पढ़ा है, मैंने उन्हें कभी किसी के बारे में कुछ भी गलत बोलते नहीं देखा'।उन्होंने कहा, 'उन्होंने अपने जीवन में हमेशा कड़ी मेहनत की है, अच्छा काम किया है और हमेशा दूसरों की मदद की है। यही जीवन है; ऐसा ही होना चाहिए। अगर हम उनके जीवन से एक बात सीख सकते हैं, तो वह यह है कि हमें कड़ी मेहनत करनी चाहिए, हमेशा सकारात्मक सोचना चाहिए, दूसरों की मदद करनी चाहिए और जीवन को पूरी तरह से जीना चाहिए'। देश के मशहूर उद्योगपति 'रतन टाटा' ने 86 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। रतन टाटा भारतवर्ष के वास्तविक रत्न थे। उम्र से जुड़ी बीमारी के चलते उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। महान हस्ती के निधन के बाद बॉलीवुड के सितारों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है और शोक जताया है।

## देवरा' में अब नहीं बचा दम, 600 करोड़ क्लब तक पहुंचने में 'स्त्री 2' के भी छूट रहे पसीने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा' और श्रद्धा




कपूर की 'स्त्री 2' सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। चलिए जानते हैं बुधवार को दोनों का कैसा प्रदर्शन रहा मनोरंजन के शौकीनों के पास इस वक्त सिनेमाघरों में फिल्म देखने के विकल्प कम हैं। हालांकि, यह समस्या आज भर की और समझी जा सकती है, क्योंकि कल 11 अक्तूबर को बॉक्स ऑफिस पर कई चर्चित फिल्में आ रही हैं। फिलहाल लगी फिल्मों की बात करें तो एक तरफ स्त्री 2 लगी है, जिसे करीब दो महीने पूरे होने आ रहे हैं। दूसरी फिल्म है 'देवरा'। चलिए जानते हैं कि बॉक्स ऑफिस पर दोनों फिल्मों ने कल बुधवार को कैसा प्रदर्शन किय साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा' सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। यह फिल्म रिलीज से पहले ही काफी चर्चा में रही। सिनेमाघरों में इसे देखने वालों की भीड़ भी खूब जुटी। हालांकि, हिंदी भाषी क्षेत्रों में यह फिल्म कुछ खास नहीं रही है। जान्हवी कपूर और सैफ अली खान जैसे बॉलीवुड सितारे होने के बावजूद फिल्म हिंदी पट्टी में बेअसर सी रही है मालूम हो कि फिल्म देवरा के जरिए जान्हवी कपूर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। कोरटाला शिवा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 300 करोड़ क्लब की तरफ धीरे-धीरे कदम बढ़ा रही है। 'देवरा' ने मंगलवार को 12वें दिन 4.65 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं, बुधवार को इस फिल्म ने 3.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस फिल्म की टोटल कमाई अब तक 257.15 करोड़ रुपये पहुंच गई है। फिल्म 'स्त्री 2' ने 55वें दिन यानी मंगलवार को 50 लाख रुपये कमाए थे, वहीं फिल्म ने कल बुधवार को 56वें दिन 45 लाख रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 596 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। कल शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर 'जिगरा', 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' और 'वेट्टैयन' जैसी फिल्में आ रही हैं, देखना दिलचस्प होगा कि इनके आगे स्त्री 2 अपनी मंजिल पा सकेगी या इसकी छुट्टी हो जाएगी।

## अलविदा दोस्त, ये दुख बर्दाश्त करना मुश्किल है', रतन टाटा के निधन से टूटीं सिमी ग्रेवाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रतन टाटा के निधन की खबर सुनकर हर कोई गमगीन है। बिजनेस टाइकून की करीबी दोस्त सिमी ग्रेवाल भी यह दुखद खबर सुनकर टूट गई हैं। उन्होंने



एक भावुक नोट लिखा है। रतन टाटा ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। उम्र संबंधी तकलीफों के चलते 86 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। रतन टाटा के निधन की खबर सुनकर देशभर में लोग गमगीन हैं। बॉलीवुड के सितारे उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। बिजनेस टाइकून के निधन की खबर सुनकर सिमी ग्रेवाल पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सिमी ग्रेवाल और रतन टाटा काफी करीबी दोस्त रहे। कुछ मीडिया रिपोट्र्स में उनके अफेयर के भी दावे किए गए। रतन टाटा के दुनिया से चले जाने पर सिमी गमगीन हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने बेस्ट फ्रेंड के लिए बेहद भावुक नोट लिखा है। सिमी ग्रेवाल ने अपने एक्स अकाउंट से अपनी और रतन टाटा की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इसके साथ लिखा है, 'वे कह रहे हैं कि तुम चले गए...., तुम्हारे जाने का दुख बर्दाश्त कर पाना मुश्किल है। बहुत मुश्किल, अलविदा मेरे दोस्त'। कई मीडिया रिपोट्र्स में दावा किया गया कि रतन टाटा और सिमी ग्रेवाल कभी एक-दूसरे के करीब आए थे। दोनों की लव लाइफ के चर्चे रहे। एक इंटरव्यू में सिमी ने रतन टाटा को लेकर कहा था, 'वे एक परफेक्ट जेंटलमैन हैं। उनका सेंस ऑफ ह्यूमर काफी ज्यादा बढ़िया है और वो काफी विनम्र हैं'। हालांकि, दोनों का रिश्ता आगे क्यों नहीं बढ़ा, इसकी जानकारी नहीं है। रतन टाटा ने टाटा समूह को नई ऊंचाई पर पहुंचाया था। टाटा समूह की स्थापना रतन टाटा के परदादा जमशेद जी टाटा ने 1868 में मुंबई में की थी। रतन टाटा को 21 साल की उम्र में ऑटो से लेकर स्टील तक के कारोबार से जुड़े समूह, टाटा समूह का चेयरमैन नियुक्त कर दिया गया था और उन्होंने 2012 तक समूह का नेतृत्व किया।

## इंडस्ट्री में बाहरी लोगों के साथ होता है भेदभाव, राधिका मदान ने कलाकारों को लेकर कही ऐसी बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री राधिका मदान ने बॉलीवुड फिल्मों और इसमें इंडस्ट्री से बाहर को लोगों को लेकर



बात की है। राधिका मदान ने कहा कि स्टार किड्स को सीखने के लिए दो-तीन फिल्म मिल जाती है। अभिनेत्री राधिका मदान को कई बॉलीवुड फिल्मों में देखा जा चुका है। राधिका ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम करने को लेकर अपनी राय साझा की है। उन्होंने कहा कि फिल्मों को लेकर बॉलीवुड में भाई भतीजावाद फैला हुआ है, जिनके माता पिता पहले से इंडस्ट्री में हैं, उनको अपनी फिल्मों को करने के लिए और चीजों को समझने के लिए कई फिल्में मिल जाती हैं। वहीं, इंडस्ट्री के बाहर के लोगों को एक गलती पर ही बाहर निकाल दिया जाता है। फिल्म अंग्रेजी मीडियम, सफीरा, पटाखा जैसी फिल्मों के कारण राधिका मदान को जाना जाता है। उनको सीखने के लिए 2-3 फिल्में और मिल जाती हैं कि 'अभी सीख जाएगा, अरे देखो सुधार है'। (उन्हें सीखने के लिए कई फिल्में मिलती हैं और हर फिल्म में सुधार के लिए लोग उनकी पीठ थपथपाते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।